डा० सुशीला नायर (झांसी) : अध्यक्ष महोदय, तीन दिन की बहस के बाद कुछ बहुत ज्यादा कहने को तो नहीं रह गया है, मगर तो भी चन्द एक ऐसी बातें कही गयी हैं कि उनके बारे में मैं दो चार शब्द कहना उचित समझती हूं।

प्रेसीडेंट महोदय की तकरीर के लिए धन्यवाद देने का जो प्रस्ताव पेश किया गया है उसके साथ शामिल होने में मैं अपना सौभाग्य समझती हूं। उनका भाषण बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि उस भाषण में हिन्दुस्तान की मनोभावना की एक झांकी थी।

एक तरफ उसमें आत्म विश्वास था कठिनाइयों का सामना करने का दृढ़ निश्चय था, और निश्चय ही नहीं उस निश्चय को अमल में लाने के लिए एक अच्छा खासा कार्यक्रम भी था तो दूसरी तरफ साथ ही आज की जो चिन्ताजनक परिस्थिति है उसको, और देश के सामने गम्भीर समस्याओं की एक स्पष्ट झांकी भी उन्होंने हमें दे दी।

सबसे बड़ी समस्या जो पिछले बरस में हमारे सामने पैदा हुई है वह चीन के विश्वासघात के कारण और चीन के हमले के कारण। मुझे आश्चर्य होता है कि हमारे कुछ कम्यूनिस्ट भाई इस "विश्वासघात" शब्द को कड़ी भाषा कहते हैं और इसकी टीका करते हैं। वास्तविकता तो यह है कि हमारे प्रैसीडेंट इतने नम्र और इतने कल्चर्ड हैं कि सिवा नम्रता और सभ्यता की भाषा के वे बोल ही नहीं सकते। कड़ी भाषा का इस्तैमाल तो उनसे होता ही नहीं। मैं समझती हूं कि उन्होंने जो यह शब्द "विश्वासघात" इस्तैमाल किया है यह तो चीन के काले काम का वर्णन करने के लिए बहुत ही नर्म भाषा है।

अब आप जरा ख्याल करिए। हम उनको अपना भाई कहते थे और भाई कहके उनको गले लगाया, सब दुनिया से लड़ाई की उनकी खातिर, यू०एन०ओ० में और दूसरी जगहों पर उनकी मदद की। लेकिन क्या दो भाई अपने घर की हदबन्दी के लिए बन्दूकों का पहरा रखते हैं। आप कनाडा और यूनाइटेड स्टेट्स को देख लीजिए, दोनों की हद पर कोई पहरा नहीं है, कोई सिपाही नहीं है और न कोई पासपोर्ट का ही इस्तैमाल किया जाता है। मगर चीनियों ने हमारे उस विश्वास का दुरुपयोग करके हमारी पीठ में छुरी भोंकी है जहां हद पर सिपाही नहीं थे, वहां घुस आये। तो हमारे प्राइम मिनिस्टर ने चाऊ एन लाई को निमंत्रण फिर क्यों दिया यह सवाल पूछा गया है। हमारे बुजुर्ग आचार्य कृपालानी जी ने, अशोक मेहता जी ने और मसानी जी ने बहुत जोरदार शब्दों में इस चीज का विरोध किया है। ऐसे महानुभावों और विद्वानों को मैं यह तो कैसे कहूं कि वह गलत बात कहते हैं, लेकिन मैं बहुत नम्रता से कहूंगी कि जो बात वह कहते हैं वह सही नहीं है। वह इसलिए सही नहीं है कि हमारे प्रधान मंत्री ने जो निमंत्रण दिया है वह राजनीति की दृष्टि से एक बहुत ही योग्य कदम है और मैं समझती हूं कि वह ऊंची राजनीति का नमूना है। निमंत्रण आपको पढ़ना है तो पढ़िए उस नोट के साथ जो भारत सरकार ने उस निमंत्रण के साथ भेजा है। उस नोट में यह साफ कर दिया गया है कि हम चीनियों का दावा न स्वीकार करते हैं, न कर सकते हैं और न करने वाले हैं। तो भी हमने उनसे कहा है कि आप यहां तशरीफ लाइये, हमारी मेहमान नवाजी स्वीकार करिए, हमसे बातें करिए। अब वह आएंगे तो जाहिर हैं कि बातें करेंगे, पर हम यह क्यों मान लेते हैं कि उनकी बात का असर हमारे ऊपर हो जाएगा और हम अपनी जमीन, जिस ग्राऊंड पर हम खड़े हैं, छोड़ देंगे। हम यह क्यों नहीं मानते कि हमारी बात का भी उन पर असर हो सकता है और हो सकता है कि यहां आकर उनकी आंखें खुल जाएं। वह देखेंगे कि जिस मुल्क में वह आज से ७ साल पहले दोस्ती का पैगाम लेकर आए थे, उस दोस्ती को उनकी इस कार्यवाई ने कितनी ठेस पहुंचायी है, कितना दर्द पहुंचाया है हमारे नेताओं को और आम जनता को। शेक्सपियर ने जब एक बार जोर की ठंडी हवा छुरी सी जो उस मुल्क में चला करती है उसका वर्णन इस प्रकार किया था :

"Blow, blow, thou winter wind,
Thou art not so unkind,
Thy sting is not so keen,
Because thou art not seen ...."

और फिर आखिर में कहते हैं :

"Thy tooth is not so sharp
As friends remembered not!"

[डा० सुशीला नायर]

दोस्त की दगाबाजी दुनिया में सबसे बड़ी दर्दनाक चीज होती है, और यही वजह है कि इस चीन के हमले के बाद हमारे प्राइम मिनिस्टर के चेहरे पर जो आम तौर पर मुस्कराहट होती थी वह जरा कम देखने में आती है। वह गम्भीर उदास और चिन्तायुक्त दिखते हैं। यह इस बात का सबूत है कि किस तरह से हमको चीन ने दगा दिया है और उसका हमारे नेताओं और आम जनता के दिलों में कितना दर्द है। निमंत्रण हमने उनको दिया है और यदि वह यहां आएंगे तो देखेंगे कि उनकी कार्यवाई का क्या असर पड़ा है तो शायद उनकी आंखें शरमा जायें। उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह हम क्यों मान बैठ हैं? हमारे निमंत्रण का अर्थ यह नहीं होगा कि हम अपनी जमीन उनको दे देंगे या उनसे कोई तरह का समझौता कर लेंगे। मैं समझती हूं कि इस तरह का निमंत्रण देना भारत के शिक्षण के अनुसार है, भारत की परम्परा और संस्कृति के भी मुताबिक है और बापू जी के शिक्षण के अनुसार है।

एक और चर्चा हुई है यहां पिछले दो दिनों में। उस चर्चा में जिक्र आया हमारे रक्षा मंत्री का एक भाषण का जिसके बारे में कुछ अखबारों में यह कहा गया है कि हमारे रक्षा मंत्री ने यह कहा कि हम अपनी एडमिनिस्टर्ड टैरीटरी का एक इंच भी नहीं देंगे। प्रधान मंत्री ने उसका खुलासा किया और एक्सप्लेनेशन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी तकरीर में से एक वाक्य निकाल लिया गया और वह गलत सैटिंग में रखा गया वरना हमारे रक्षा मंत्री का तो यही कहना था कि हम तो किसी भी सूरत में भी अपनी जमीन का एक इंच भी कहीं से भी देने के लिए तैयार नहीं हैं। हमने इस एक्सप्लेनेशन को सुना और हम इससे सहमत हैं क्योंकि हम समझते हैं कि हिन्दुस्तान का रक्षा मंत्री या कोई दूसरा मंत्री तो क्या, कोई भी सम्मान रखने वाला हिन्दुस्तानी अपने ऊपर हमला करने वाले को एक इंच भी जमीन देने के लिए तैयार नहीं हो सकता। तो भी मैं समझती हूं कि अच्छा होगा अगर स्वयं रक्षा मंत्री अपना एक्सप्लेनेशन अपने मुंह से हमारे सामने रख दें ताकि उनके शब्दों से जनता को ज्यादा संतोष हो जाएगा। हम सब के दिलों में और ज्यादा तसल्ली बैठ जाएगी और ऐसा करना उनके लिये बहुत मुनासिब और उचित होगा। हमारे प्राइम मिनिस्टर बहुत उदार हैं, वह हमेशा अपने साथियों की रक्षा करने के लिए तैयार रहते हैं, और प्राइम मिनिस्टर को ऐसा होना भी चाहिए। लेकिन मैं समझती हूं कि उन साथियों का भी यह धर्म है कि अपनी रक्षा का बोझ वह जहां तक हो सके प्राइम मिनिस्टर पर न डालें या कम से कम डालें। फिर रक्षा मंत्री तो सारे देश की रक्षा करने वाले हैं, वह काबिल आदमी हैं और बहुत अच्छी तरह से अपनी रक्षा कर सकते हैं। मैं समझती हूं कि अगर हमारे रक्षा मंत्री स्वयं कोई मौका देख कर अपनी तकरीर के बारे में जो गलतफहमी और डर की भावना लोगों के मन में पैदा हो गयी है, और जिसको दूर करने का प्राइम मिनिस्टर ने प्रयत्न किया है, उसको अपने मुंह से कुछ कह कर स्वयं दूर कर दें तो उसका बहुत अच्छा असर होगा। इस निमंत्रण से एक और बहुत अच्छी बात हुई है, जिस की तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहती हूं। पहली ही बार हिन्दुस्तान के नोट में इस बात का स्पष्टीकरण किया गया है कि तिब्बत कोई चीन की मिल्कियत नहीं है। तिब्बत ने हमारे साथ फैसला किया, समझौता किया और जब उन्होंने समझौता किया, तो जाहिर है कि उन का एक स्वतंत्र देश का स्टेटस था। समय समय पर तिब्बत का स्वतंत्र स्टेटस रहा है और चीन ने उस के बारे में कोई शिकायत नहीं की। यही कारण है कि उस समझौते के परिणामस्वरूप, जिस में चीन के एम्परर के तिब्बत के दलाई लामा के

और हिन्दुस्तान के प्रतिनिधि थे, जो डाकुमेंट तैयार किया गया, वह एक लीगल डाकुमेंट है। हमारे मुल्क में भी समय समय पर अंग्रेजों का कब्जा रहा दूसरे विदेशों का कब्जा रहा, लेकिन उस से हम उनकी मिल्कियत नहीं हो गए। जब हम में ताकत और हिम्मत आई जब हम तैयार हुए, हम ने स्वतंत्रता प्राप्त की और आज हम स्वतंत्र हैं। मैं आशा करती हूं और हिन्दुस्तान के बहुत से लोग आशा करते हैं कि हमारा पड़ौसी तिब्बत, शान्तिप्रिय तिब्बत, जिस ने हमारी ही तरह कभी किसी दूसरे मुल्क पर हमला या चढ़ाई नहीं की, जो सदा शान्ति के धर्म का पालन करता आया है, एक रोज फिर स्वतंत्र होगा और उस शान्तिप्रिय देश की स्वतंत्रता से हमारा पच्चीस सौ मील लम्बा बार्डर भी सुरक्षित हो जायगा और हमें वहां फौजें रखने की जरूरत नहीं रहेगी, क्योंकि पच्चीस सौ मील लम्बे दार्डर को फौजों से सुरक्षित रखना बहुत आसान काम नहीं है। अगर इस प्रकार से हो, तो मुझे विश्वास है कि हमारे हिन्दुस्तान के सभी लोग बहुत प्रसन्न होंगे, बहुत खुश होंगे। अपने थोड़े से कम्यूनिस्ट भाइयों के बारे में मैं नहीं जानती कि वे इस पर खुश होंगे या नहीं। हो सकता है कि वे इससे न भी खुश हों, क्योंकि उन को तो चीन के हिन्दुस्तान पर हमले में विश्वासघात भी दिखाई नहीं देता। अगर चीनी और आगे बढ़ें, तो उन्हें इस में लिबरेशन भी दिखाई दे, तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। लेकिन हिन्दुस्तान की आम जनता इस में उनके साथ नहीं है। यह बात स्पष्ट है और हाल ही में केरल के चुनावों में भी यह बात स्पष्ट हुई है।

श्री खाडिलकर ने इस बात की बहुत चर्चा की कि केरल में कम्यूनिस्टों की हार कास्टिज्म और कम्यूनलिज्म की जीत है। मैं बहुत ही नम्रता से इस विषय में उन से अपना मतभेद प्रकट करना चाहता हूं। मुझे भी चुनाव के दरमियान और उस से पहले केरल में जाने का मौका मिला। मैं कहना चाहती हूं कि इस चुनाव के दरमियान वहां के लोग अपनी जात-पात, धर्म, कम्यूनिटी वगैरह को भूल कर सिर्फ एक बात पर एकमत हो गए थे और वह यह कि हम को डेमोक्रेसी चाहिए, डिक्टेटरशिप नहीं चाहिए। और वे इस लिए एकमत हुए थे, क्योंकि ढाई पौने तीन साल के कम्यूनिस्ट राज्य में उन्होंने देख लिया था कि अगर वे कम्यूनिस्टों के अधीन रहे, तो उन को कोई रीड्रेस नहीं मिल सकता और डेमोक्रेसी कभी वापस नहीं आ सकती। इसी लिए वे इकट्ठे हुए और उन्होंने कम्यूनिस्टों को हार दी। मैं आप से यह निवेदन करना चाहती हूं कि जो मिनिस्ट्री की बात चल रही है, वह होगी और मैं समझती हूं कि हिन्दुस्तान में कोई भी यह नहीं चाहता कि जिस प्रकार की मुस्लिम लीग हम ने देखी हुई है, उस का फिर से जन्म हो। मुझे आशा है कि जो मुसलमान केरल में मुस्लिम लीग के नाम से संगठित हुए हैं, वे यह समझ लेंगे कि धर्म के नाम से, मजहब के नाम से पार्टी आरगेनाइज करना सही बात नहीं है और इस का महत्व समझ कर जो भी उचित तरीका होगा, वह अख्तियार कर लेंगे। मैं ने वहां जिन भाइयों से बातें की हैं, उन से मुझ पर यह असर नहीं हुआ कि वे पुरानी मुस्लिम लीग की तरह ही कम्यूनल किस्म के लोग हैं, या कम्यूनल प्रिंसिपल रखते हैं, लेकिन मैं समझती हूं कि अगर इस बारे में एहतियात न रखी गई, तो उस से कम्यूनलिज्म पैदा हो सकता है और वह खतरनाक चीज होगी। हमें विजिलेंट और खबरदार रहना चाहिए।

जाहिर है कि देश की सुरक्षा के लिए प्राडक्शन—एग्रीकल्चरल प्राडक्शन, डिफेन्स प्राडक्शन, इंडस्ट्रियल प्राडक्शन— की बहुत आवश्यकता है। हमारे राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में बहुत कुछ जिक्र किया है कि इस विषय में क्या क्या प्रोग्राम बनाए गए हैं। मैं यहां पर एक ही बात कहना चाहती हूं

[डा० सुशीला नायर]

अगर प्राडक्शन बढ़ानी है, तो आवश्यक है कि हम लोग इस बात का ध्यान रखें कि लेबर ट्रबल्स हमारे देश में न हों और जो लोग लेबर ट्रबल कराने में विश्वास रखते हैं, उन को भी समझना चाहिए कि लेबर के हित में और देश के हित में यह आवश्यक है कि सब लोग प्राडक्शन बढ़ाने के काम में लगे रहें और लेबर ट्रबल्स न हों ।

इसी सिलसिले में मैं एक शब्द पे कमीशन के बारे में भी कहना चाहती हूं । यहां बहुत जोरों से कहा गया है कि पे कमीशन ने क्या दिया है, कुछ भी नहीं दिया है । प्रैजिडेंट के एड्रेस और सम्बन्धित आंकड़ों से मालूम होता है कि गवर्नमेंट आफ़ इंडिया ने जो सिफारिशें मान ली हैं, उन के परिणाम-स्वरूप ३३–३५ करोड़ रुपया हर साल खर्च होगा । पंजाबी में एक कहावत है कि मुर्गी बिचारी की जान गई और खाने वालों को मजा नहीं आया । इस मंहगाई के जमाने में अगर हम सरकारी नौकरों को और ज्यादा दे सकें, तो अच्छा हो, लेकिन सरकारी नौकर भी आखिर हिन्दुस्तानी हैं, पेट्रियाट्स हैं । उन को देखना चाहिए कि सरकार अपनी चादर देख कर ही पैर पसार सकती है । इस लिए इस समय हम को देश की दौलत बढ़ाने पर कनसैनट्रेट करना चाहिए और जब देश की दौलत बढ़ेगी, तो हर व्यक्ति की हालत सुधरेगी । वह हम को सुधारनी है और इस बारे में प्रैजिडेंट के एड्रस में काफ़ी कुछ कहा गया है । हम ने तीसरी पंच-वर्षीय योजना इस काम के लिए बनाई । राष्ट्रपति जी ने इस बारे में साइंटिस्ट्स के बारे में खास तौर पर जोर दिया है । उन्होंने कहा है—

"My Government are alive to the requirement of scientists, technicians and technologists for our expanding economy. Measures are being taken to step up progressively the output in the cadres and to provide increasingly better career opportunities ...."

आप देखेंगे कि एक तरफ़ तो हम कहते हैं कि हम को ज्यादा साइंटिस्ट्स चाहिए और दूसरी तरफ़ आप देखें—मेरे पास एक कागज है, जो इस समय मिल नहीं रहा है– उसमें चार आदमियों का हवाला रखा हुआ है, जिन में बी० एस० सी० हैं और एम० एस० सी०, फ़र्स्ट क्लास हैं, लेकिन व चारों के चारों फूड एंड एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री के पे एंड एकाउंट्स डिविजन में अपर डिविजन क्लार्क लगे हुए हैं । एक जोसेफ़ तो मर गया सूसाइड कर के, लेकिन उसी तरह के और लोग भी पड़े हुए हैं इन मिनिस्ट्रीज में । मैं आप से निवेदन करना चाहती हूं कि एक लड़के ने बी० एस० सी० पास किया और फ़र्स्ट क्लास ली, एक ने बी० एस० सी० (आनर्ज) किया हुआ है, एक ने एम० एस० सी० सैकंड क्लास ली है, बहुत अच्छी क्वालिफ़िकेशन्ज हैं । वे ग़रीब लड़के हैं । नौकरी चाहिए । घर में खाने को नहीं है, इस लिए जो भी नौकरी सामने आई, वह ले ली और जब एक दफ़ा ले ली, तो पीछे उन की एप्लीकेशन कहीं और नहीं भेजी जा सकती है । इस लिए वह वहां पड़े हुए हैं । बी० एस० सी० में बाटानी और गणित लेकर पे एंड एकाउंट्स डिविजन में क्या काम है ? लेकिन वहां पड़े हुए हैं और कोई तवज्जह नहीं देता है । आप को सुन कर आश्चर्य होगा कि अभी की एग्जहिबिशन में अमरीकी मेले में हमारे देश के छ : नौजवान हैं, जो अमरीका के डिग्री-होल्डर हैं । एक एग्रीकल्चरल इंजीनियर है, एक डाक्टर है, तीन चार कुछ और हैं, सब बहुत हाई क्वालिफ़िकेशन्ज ले कर आए हैं, लेकिन काम नहीं मिल रहा है, नौकरी नहीं है । क्या करें ? रोटी खानी है, तो अमरीकी मेले में जो कुछ भी काम मिला उससे अपनी फ़ैमिलीज का पालन-पोषण कर रहे हैं । एक तरफ़ तो हम कहते हैं कि हम को और साइंटिस्ट्स पैदा करना है और दूसरी तरफ़ जो हमारे पास हैं, क्या हम उन का सही उपयोग कर रहे हैं, यह हमें देखना है । मेरा कागज मिल गया है ।

मैं आप को उन की क्वालिफ़िकेशन्ज के बारे में बताती हू ।

B.Sc. (Punjab University), Second Division, LL.B Second division, got two gold medals for standing first. Then, the second boy is B.Sc. (with Physics, Chemistry and Mathematics), Second Division from the Banaras Hindu University. The third boy is B.Sc. with Physics, Chemistry and Mathematics and M.Sc. (Mathematics with Astronomy and Statistics). And what is he doing? He is working in Pay and Accounts Division of the Food and Agriculture Ministry. फिर यहां पर एक और आदमी की मिसाल है जो कि B.Sc. (Honours) with Botany as his major subject and Chemistry, History of Science and Scientific methods as other subjects. This is how we are using our scientists.

इस तरह से अगर हम वैज्ञानिक तैयार करते हैं और उसके बाद अगर हम उनका ठीक प्रकार से उपयोग नहीं कर सकते हैं, तो वे हमारे क्या काम आयेंगे । अध्यक्ष महोदय, अभी हाल में सैंट्रल बोर्ड आफ एजूकेशन की मीटिंग हुई थी । वहां पर इस बात की बड़े जोरों से चर्चा चली थी कि साइंस पढ़ाने के लिए टीचर्स नहीं मिलते हैं । मेरी समझ में नहीं आता है कि गवर्नमेंट आफ इंडिया ऐसे जितने भी साइंस ग्रेजुएट्स हैं, जो कि यहां वहां बिखरे पड़े हैं, उनको उठा कर के क्यों एजुकेशन मिनिस्ट्री के हवाले नहीं करती ताकि वे लड़के स्कूलों में पढ़ा सकें, कुछ उनको अच्छा तथा योग्य काम मिल सके । एक स्कीम काउंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ने बनाई थी और उन्होंने कहा था कि जैसे ही साइंस या टैक्नालाजी के ग्रेजुएट्स बाहर से आएंगे हम उन्हें रिसर्च फेलोशिप देंगे जब तक उन्हें काम नहीं मिलता । इसके लिए कह रहे हैं कि तीन हजार एप्लीकेशंस आ गईं । कोई सौ लड़के उन्होंने छांटे । अब बाकी क्या करेंगे, कहां जायेंगे इसका कुछ पता नहीं है ।

चूंकि समय नहीं है इस वास्ते मैं ज्यादा कहना नहीं चाहती हूं । अन्त में इतना ही कहूंगी कि हमको अपने थर्ड फाइव यीयर प्लान को सक्सेस बनाना है तो हमको सब से ज्यादा जोर परसनेल प्लानिंग पर देना होगा । हम प्लानिंग कर रहे हैं कि किस तरह से हम अपने फिजिकल रिसोर्सिस को हारनेस करें, उनका सही इस्तेमाल करें । लेकिन इस देश का सब से बड़ा रिसोर्स, सब से बड़ा एसेट यहां की जन-संख्या है । उस जन-संख्या को हम ठीक प्रकार से काम में लगा सकें, उसका अगर हम सही इस्तेमाल कर सके तो आप देखेंगे कि हम कितनी तेजी के साथ इस देश को आगे बढ़ाते हैं । आज हम इकोनोमिक डिवेलेपमेंट पर जोर दे रहे हैं लेकिन साथ ही हमें सोशल डिवेलेपमेंट पर भी जोर देना होगा । इसका कारण यह है कि अगर हमारी जनता सुशिक्षित, डिसिप्लिंड अच्छे विचारों वाली और देश के लिए प्रेम रखने वाली नहीं होती है तब तक हम इकोनोमिक डिवेलेपमेंट का सही इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे । उसका सही इस्तेमाल करने के लिए यह चीज बहुत जरूरी है ।

आज देखने में आता है कि काठ लगती है हैल्थ पर, काठ लगती है एजुकेशन पर । मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि इस सारे एड्रेस में हैल्थ का कहीं कोई जिक्र नहीं है । बीमार आदमी जा कर क्या काम फैक्ट्रीज में या फील्ड्स में कर सकते हैं, इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं । इस वास्ते मेरा नम्र निवेदन है कि आज जरूरत इस चीज की है कि हम इकोनोमिक डिवेलेपमेंट और सोशल डिवेलेपमेंट को बैलेंस करें । इन दोनों को साथ साथ लेकर देश चलेगा, अगर हम देश को चलायेंगे तब हम जो रिजल्ट्स चाहते हैं उनको प्राप्त कर सकेंगे वर्ना नहीं । एक ब्रिज बनाने के लिए आपको लाख दो लाख रुपया खर्च करना पड़ता है, उस पर आप इतनी रकम खर्च कर देते हैं लेकिन लड़कों

[श्री सुशीला नायर]

के स्पोर्टस या दूसरी एक्सट्रा-करीकुलर एक्टिविटीज पर आप काठ लगा देते हैं। आप ख्याल करें कि कितने लाख का आप का नुक्सान हो गया मैसूर में जब उन्होंने वहां पर आपकी इलैक्ट्रिक लाइट्स और दूसरी तीसरी चीजें तोड़ डालीं। इंडिसिप्लिंड लोग, डिससैटिसफाइड लोग आपके ब्रिजिस को फोड़ डालेंगे, उड़ा देंगे। इसलिए ज़रूरत इस बात की है कि हम सोशल डिवेलेपमेंट पर उतना ही ज़ोर दें जितना हम इकोनोमिक डिवेलेपमेंट पर देते हैं और हमारे ह्यूमन रिसोर्सिस का सही उपयोग हो इस पर प्लानिंग में सब से ज्यादा जोर रहे। ऐसा होगा तभी हमारा जो तीसरा प्लान है, वह सफल हो सकेगा और जो हमारे आब्जैक्टिव हैं, उन को हम हासिल कर सकेंगे।

13.34 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश" (शिवपुरी): कृष्णं वन्दे जगत् गुरुम्।

उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद देने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। इसमें सन्देह नहीं है कि उनका भाषण धन्यवाद देने के योग्य है। आरम्भ में यद्यपि उन्होंने इस बात का उल्लेख न किया हो परन्तु मैं व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति जी से मिला था और मध्य प्रदेश में जहां जनता डाकुओं से आतंकित थी, उसके सम्बन्ध में मैंने वस्तु-स्थिति उनके सामने प्रकट की थी। राष्ट्रपति जी के शासन ने और उन्होंने उस समस्या की ओर ध्यान दे कर मध्य प्रदेश के डाकुओं का जो उन्मूलन किया है, उसके लिए मैं विशेष रूप से शासन को और राष्ट्रपति जी को धन्यवाद देता हूं। जिस के घर में डाका न पड़ा हो, सम्भव है, वह इसको अनुभव न कर सके। लेकिन पड़ोस में भी यदि डाका पड़ता है तो मालूम पड़ता है कि स्थिति कैसी होती है।

राष्ट्रपति महोदय ने एक दूसरे डाके का ज़िक्र किया है और डाकू है हमारा एक मित्र जो शत्रु के रूप में प्रकट हुआ है। ऐसी वास्तव में हमें भी कल्पना नहीं थी कि इतना स्वागत सत्कार करने के पश्चात, हिन्दी चीनी भाई भाई का नारा लगाने के पश्चात् फूल गले में डाल कर, अपने शरीर को भूखा प्यासा धूल धूसरित दिल्ली की गलियों में करने के उपरान्त भी हमारे ऊपर चढ़ कर चीन आ जाएगा। ऐसी कल्पना कौन कर सकता था और उससे जिसने कि पंचशील को स्वीकार कर लिया हो? मगर वह हुआ और उस भूमि पर हुआ जिस भूमि पर बुद्ध धर्म कभी छाया रहा और जिस भूमि में आज भी अहिंसा की सुगन्ध आती है। उसी भूमि के लोगों और उसी भूमि के शासन के विरूद्ध उसका ही एक मित्र अचानक बिना किसी सूचना के आक्रमण कर देगा, उसकी भूमि पर अधिकार कर लेगा और उसके पश्चात् उसको आंख दिखायेगा, यह तो संसार में कभी कोई बुद्धिमान और सज्जन आदमी सोच भी नहीं सकता, कल्पना भी नहीं कर सकता। इसलिए राष्ट्रपति महोदय का हृदय दुखी हुआ और उन्होंने विश्वासघात शब्द का प्रयोग किया। इतिहास में हमारे सामने पंचशील का उद्घोष करते हुए भी विश्वासघात होगा, यह भी हमें कल्पना नहीं थी। लेकिन मालूम पड़ता है कि जब से इस देश को समृद्धशाली और सम्पन्न बनाने के लिये हमने प्रयत्न किया है तब से सम्भवतः विश्वासघात होता चला आ रहा है। हम सज्जनता का व्यवहार किये जाते हैं और जिसके साथ हम सज्जनता का व्यवहार करते हैं, वह हमारे साथ विश्वासघात ही करता है। बाहर वाले भी करते हैं, घर वाले भी करते हैं। हम किस को कहें कि यह बाहर वाला है और किस को कहें कि यह घर वाला है। हम कहते रहे

बन गया । क्यों बना, कैसे बना यह आप जानते हैं । जब कुछ हरिजन यहां चुन कर आ जाते हैं तो उसके आधार पर हम यह नहीं कह सकते हैं कि हरिजनों की समस्या हल हो गई है । पिछड़ी हुई तथा गरीब जनता को जहां की तहां पीड़ित रहती है, शोषित रहती है, शासित रहती है, लांछित रहती है, अपमानित रहती है । हां कुछ लोग आकर और यहां बैठ कर सम्मानपूर्वक जीवन में सांस लेते हैं । यह ठीक है । इसी प्रकार कुछ भले मुसलमान लोक सभा में आकर, कांग्रेस के के साथ रह कर राष्ट्रीयता का उद्घोष करते हैं लेकिन फिफ्थ कालमिस्ट देश में नहीं हैं और अभी भी देश के नाश के कार्य नहीं कर रहे हैं, ऐसा कौन बुद्धिमान व्यक्ति स्वीकार करेगा । जो ऐसा समझते हैं उनमें न राजनीतिज्ञता है, न राष्ट्रभक्ति है और न वे इस देश का कल्याण कर सकते हैं । असल में तो हमें बुद्धिमत्तापूर्वक यह देखना पड़ेगा कि कौन लोग कहां खराब हैं । ठीक उसी प्रकार से हमने चीन के साथ सद्व्यवहार किया है और पंचशील का उद्घोष लगा कर उसे साथ ले ने की हमने हर सम्भव चेष्टा की है और इससे थोड़ा अमरीका रुष्ट भी था क्योंकि क्या अमरीका का चीन के साथ झगड़ा है, वह उधर फार्मूसा पर . . .

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज़ खां) : मुझे इस वक्त मुदाखिलत करने का अफसोस है लेकिन जो अल्फाज इन्होंने यहां कहे हैं, मैं उनके खिलाफ सख्त प्रोटेस्ट करता हूं कि जो मुसलमान यहां पर लोक सभा के मैम्बर बनते हैं, वे हिन्दुस्तान के वफादार नहीं हैं । मैं नहीं समझा हूं . . . . . .

उपाध्यक्ष महोदय : उन्होंने तो, जहां तक मैं समझा हूं कहा है कि जो मुसलमान यहां आते हैं, भले होते हैं, राष्ट्रीयता के साथ रहते हैं, कांग्रेस में हैं । मगर और मुसलमान कई हैं, दूसरों की बाबत वह कह रहे थे । यहां वालों की बाबत तो उन्होंने कहा है कि भले हैं और उनकी तारीफ की है। जहां तक मैं समझा उन्होंने यही कहा है ।

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश" : जी हां । मेरा तात्पर्य समझे बगैर ही सम्भवतः वह प्रोटेस्ट करने के लिए खड़े हो गये हैं । मैंने समझा था कि वह तारीफ करने खड़े हुये हैं . . . . .

श्री त्यागी (देहरादून) : उनका इशारा शायद मुस्लिम लीग की तरफ था ।

उपाध्यक्ष महोदय : शायद उनका इशारा मुस्लिम लीग की तरफ था ।

पंडित ब्रज नारायण 'ब्रजेश' : जी हां ।

श्री शाहनवाज़ खां : उनका यह कहना कि मुसलमान वफादार नहीं हैं, इसके खिलाफ मैं सख्त प्रोटेस्ट करता हूं । यह बड़ी काबिले-एतराज़ बात उन्होंने कही है ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रोटेस्ट तो आपका है । मगर अगर कोई अपनी यह राय दे कि कोई यहां आदमी रहता है वह वफादार नहीं है, तो उसकी यह राय चाहे गलत भी हो, लेकिन मैं उसको कैसे रोकूं । हो सकता है कि उनकी यह राय गलत हो मगर इस बात को कहने से शायद मैं उनको न रोक सकूं कि उनका ख्याल ऐसा है कि कुछ आदमी यहां रहते हैं जो वफादार नहीं हैं । अगर कोई कहे कि मैं उनको रोक तो मेरे लिए यह मुश्किल होगा ।

Shri Radha Raman (Chandni Chowk): The learned speaker was trying to explain his position. But I just want to point out that instead of mentioning the names or the particular community he could certainly talk about the political party. It will be quite clear.

उपाध्यक्ष महोदय : बेहतर होगा बेशक ।

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश" : उपाध्यक्ष महोदय, मैं स्वयम् इसका स्पष्टीकरण कर रहा हूं । हमें दुःख है कि हिन्दी को समझने

[पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश"]

वाले यहां बहुत थोड़े लोग हैं। मैं यह निवेदन कर रहा था कि यहां कम्यूनिटी का प्रश्न नहीं है। हिन्दू भी खराब होते हैं। हिन्दुओं में राष्ट्रद्रोही क्या नहीं हैं? हिन्दुओं में राष्ट्र-द्रोही हिन्दू भी अच्छे हैं और मुसलमान राष्ट्रभक्त हैं तो भी खराब हैं, यह मेरी भावना नहीं है, न यह किसी बुद्धिमान की हो सकती है। मैं तो कह रहा हूं कि घर में भी ऐसे व्यक्ति हो सकते हैं और बाहर भी। घर में भी शत्रु हो सकते हैं और बाहर भी। मैं खास कर फिफ्थ कालमिस्टस शब्द का प्रयोग कर रहा हूं जिनका सम्बन्ध अन्य देशों से ही बैठ सकता है। घर में कहां से पंचम-स्तम्भ आयेगा? बाहर से सम्बन्ध आना चाहिये तभी वह पंचम स्तम्भ होंगे। मैं समझता हूं कि जिस तरह पाकिस्तान हिन्दुस्तान के साथ सद्व्यवहार नहीं करता और उस असद् व्यवहार का समर्थन करने वाला कोई मुसलमान हो तो वह कैसे राष्ट्रीय कहलायेगा? यदि चाइना हिन्दुस्तान पर आक्रमण करता है और कोई हिन्दू, किसी पोलिटिकल पार्टी का हो, इससे मेरा तात्पर्य नहीं है, यदि वह चाइना के हमले का समर्थन करता है तो मैं उसे कैसे राष्ट्रभक्त कहूंगा? वह तो राष्ट्रद्रोही होगा। यहां हिन्दुस्तानी का प्रश्न है। कोई मुसलमान हो, क्रिश्चियन हो, सब हिन्दू हैं और हिन्दू तो हिन्दू हैं ही क्योंकि वह हिन्दुस्तान में निवास करते हैं। मैं तो ऐसा समझता हूं कि अगर कोई मुहम्मद में विश्वास करता है तो वह मुहम्मदी हिन्दू है, कोई गुरु गोविन्द सिंह में विश्वास करता है तो वह गोविन्द हिन्दू है, कोई शंकराचार्य में विश्वास करता है तो वह शंकराचार्य हिन्दू है, कोई वल्लभाचार्य में विश्वास करता है तो वह वल्लभाचार्य हिन्दू है, कोई दयानन्द में विश्वास करता है है तो वह दयानन्द हिन्दू है। एव्रीबाडी इज ए हिन्दू हियर। जो हिन्दुस्तान में निवास करता है वह हिन्दू है। उसे देश की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व समर्पित करने के लिये तैयार रहना पड़ेगा। यहां कोई कम्यूनिटी का प्रश्न नहीं है। हिन्दू एक राष्ट्रीय शब्द है, उसके द्वारा व्यर्थ में घृणा को पैदा किया गया है। उससे हिन्दू, मुसलमान, पारसी, आर्य समाजी, सनातन धर्मी, जैन बुद्ध आदि निकल पड़े। कोई बात नहीं है, जो इस देश में निवास करते वाले हैं वह हिन्दू हैं। हिन्दू नाम से घृणा नहीं होनी चाहिये। हमने पहले नारा लगाया: "हिन्दी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा।" "हिन्दू हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा" ऐसे कहा।

"एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मनः"

उपाध्यक्ष महोदय: इस तरह से प्रेरणा न कीजिय, सभी बोलने लग जायेंगे तो अच्छा नहीं होगा।

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश": इसलिये मैं यह निवेदन कर रहा था कि हम सज्जनता का व्यवहार करते हैं। पिछली बार जब मैंने प्रधान मन्त्री महोदय का समर्थन किया था तो कहा था कि देश का उनके ऊपर विश्वास है, उन्होंने देश की सेवा की है, इस कारण देश उनको चाहता है। अतएव इस समय पुनः मैं शासन का और प्रधान मन्त्री का, रूलिंग पार्टी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस देश में स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिय देश विभिन्न मार्गों से गया, देश के लोग गये और इस देश को स्वतन्त्र करने के लिये विविध प्रकार का प्रयत्न लोगों ने किया। सबके सामुहिक प्रयत्न से देश को स्वतन्त्रता मिली। परन्तु देश में सबसे बड़ा दल, सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस थी जिसने सत्य और अहिंसा के मार्ग से स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिये प्रयत्न किया। आज जो शासन है वह कांग्रेस पार्टी के द्वारा निर्मित है और उसकी पद्धति सत्य और अहिंसा से, प्रेम और सद्भावना के द्वारा ही शत्रु का भी हृदय जीतने के प्रयत्न की थी। वह इस दिशा में बराबर प्रयत्न कर रहा है, पार्टी भी कर रही है, शासन भी कर रहा है। तब चाइना ने सद्व्यवहार करते हुए, प्रेम

प्रकट करते हुए भी देश पर आक्रमण किया और जो भूमि उसकी नहीं है उस भूमि पर अपना अधिकार बताना आरम्भ कर दिया जबकि चीन को यह बतलाने की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयम् भी जानता है, और यदि उसको पता न हो तो वह यहीं पर जो थोड़े बहुत उसके सिम्पैथाइजर्स हैं, सहानुभूति रखने वाले हैं, उनसे पूछ सकता है, कि इस हिन्दुस्तान की सीमा आज की नहीं। कोई कल के नक्शों में बनी हो, ब्रिटिशर्स ने बनाई हो, तो उसकी बात मैं नहीं करता हूं। आप आरम्भ से ही उठा कर देख लीजिये कि हिमालय से लेकर कन्या कुमारी पर्यन्त यह देश रहा किस का है।

उत्तरस्याम् समुद्रस्य हिमाद्रश्चैव दक्षिणम्।
तद्वर्ष भारतम् नाम भारती यत्र संततिः॥

हमने समुद्र से पानी लिया और मिट्टी हिमालय से उठाई तब इस देश का निर्माण किया। चारों कोनों में, उत्तर में बद्री नारायण, दक्षिण में रामेश्वर, पूर्व में जगदीश और पश्चिम दिशा में द्वारकाधीश, इन चार मठों की स्थापना की और चारों मठों की स्थापना करके इस देश को एक सूत्र में आबद्ध किया ताकि कम से कम इतने स्थान पर हम सुरक्षित रहें। चाइना हिमालय पर आकर कहे कि नहीं जी, यह मैकमोहन लाइन विवाद का झगड़ा है, कुछ तो मैंने हड़प लिया ही है, दूसरा लेने का इरादा है, तो यह कैसे हो सकता है। इसके लिये शासन ने बड़े कठोर शब्दों में दृढ़तापूर्वक यह निर्णय दे दिया, गवर्नमेंट ने दे दिया कि हम जिस भूमि पर अपना अधिकार समझते हैं, समझते आये हैं, दुनिया मानती आई है आधुनिक काल के इतिहास से और नक्शों से भी यह सिद्ध कर सकती है कि यह भूमि हमारी है, उस पर से हम नहीं हटेंगे, उस पर से नहीं भागेंगे। इस सम्बध में हम कोई समझौता नहीं करेंगे। इस पर सदन सन्तुष्ट हो गया देश भी सन्तुष्ट हो गया। राष्ट्रपति के भाषण के बाद एक नई विवादास्पद समस्या यह खड़ी हो गई कि प्रधान मन्त्री ने चाऊ एन लाई साहब को निमन्त्रण दे दिया कि तुम दिल्ली आओ। उन्हें बुलाना नहीं चाहिये था, यह एक विवादास्पद बात है। दोनों ही पक्ष इस में हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं कि जो हमारे साथ शत्रुता का व्यवहार करे हम उसके साथ मित्रता का व्यवहार करें यह कैसे सम्भव है। इसकी कोई सीमा होनी चाहिये। कोई हमने क्षमा करने का निश्चय नहीं किया है कि हम को कोई मारे जायेगा और हम उसे क्षमा किये जायेंगे। यह तो खास ही आदमी करेगा जो बद्रिकारण्य में ही बैठ कर व्यक्तिगत रूप से आत्मोन्नति के मार्ग पर चल रहा हो। उसके लिय शोभनीय हो सकता है परन्तु एक परिवार को लेकर जो बैठा है, संसार को लेकर बैठा है उसको व्यावहारिक पक्ष को भी सामने रखना पड़ेगा कि ऐसा व्यक्ति जो सज्जनता को कायरता के रूप में समझता है, और दुर्बलता अनुभव करता है उस आदमी के प्रति सज्जनता का प्रदर्शन करने का अर्थ यह समझा जायेगा कि कि हम उस से भयभीत हो रहे हैं। और जब हम डर रहे हैं तो उस को कुछ न कुछ मार लेना चाहिये। अगर कोई कहे कि मैं चाऊ एन लाई को यहां बुलाने के विरुद्ध हूं तो यह बात नहीं है। मगर इस विरोध के अन्दर यह भावना है कि हमें डर लगता है हमने अभी तक जिन लोगों को भी बुलाया है वह हम से कुछ ले कर गये हैं, कुछ देकर नहीं गये। (*Interruptions*) जब भी कोई आता है तब हमें ऐसा ही मालूम होता है। मैं इस भावना का नहीं हूं, जो भावना देश म चल रही है उसे बतला रहा हूं। आप क्यों घबराते हैं? आप के भयभीत होने की बात नहीं है। केवल यह डर लगता है कि अभी नेहरू लियाकत अली पैक्ट हुआ, उस में हम ने खोया, फिर नून नेहरू पैक्ट हुआ उस में भी कुछ खोया। फिर चाउ एन लाई साहब आये तो उन्होंने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया। हम ने

[पंडित बृज नारायण "ब्रजेश"]

सोचा था कि जब वह पीछे हट जायेंगे तब हम बात चीत करेंगे, पर नहीं हटे । अब हार और फूल डलवाने आयें, हमारे घर में भी भोजन करने आयें तो पता नहीं कि कुछ छोड़ कर जायेंगे या कुछ ले कर जायेंगे। क्योंकि हमारे प्रधान मंत्री उदार हैं, दयालु हैं, महान हैं, मानव ही नहीं हैं, अतिमानव हैं, सज्जनता का अतिरिक भी कर सकते हैं । घर वालों को झड़प भी दे सकते हैं क्योंकि उन की घर वालों को डांटने का अधिकार भी है, और स्वभाव भी है । स्थिति ही इस प्रकार की बन गई है कि यहां घर वालों को तो डाटेंगे और बाहर वाले को पीटने पर भी सम्मान देंगे ।

स्वजनेषु वैरं परेषु मैत्री

बाहर वालों के साथ मित्रता के साथ जुड़ जाते हैं यद्यपि घर वालों से कोई द्रोह है प्रधान मंत्री को ऐसा मैं नहीं मानता । सारा जीवन जिसने लगा दिया वह घर वाले से द्वेश कैसे करेगा और जो दूसरे हैं उन को बिना समझे प्रेम कैसे देंगे ? परन्तु संसार के साथ जब बैठना है तो जो सज्जनता का बाना हम ने धारण किया है, जब हमने अपनी नीति को इस प्रकार प्रकट किया है तो यह दायित्व भी आ जाता है कि हम ने जो नाटक किया है, उसे पूरा निभायें । मंच पर राम बन कर खड़े हुए तो बीच में रावण बन कर खड़ा होना बहुत उचित नहीं जंचता है । जो स्वरूप लिया है उस को अन्त तक निभाना ही पड़ेगा । इस दृष्टि से कि आक्रमण हो गया, विश्वास-घात हो गया, परन्तु बात आगे कैसे चलाई जाय, क्योंकि यह मदोन्मत हो गये हैं और रशिया का ऊपर से हाथ है । मैं इस को नहीं मानता कि उन के पीछे रशिया का हाथ नहीं है । मैं कोई रूलिंग पार्टी नहीं हूं, मैं डरता नहीं हूं, जो कुछ सत्य है मैं उस से ज्यादा प्रकट कर सकता हूं । जो गद्दी पर बैठे हैं, उन्हें सोच समझ कर बोलना होगा, कुछ हुआ भी तो उसे दबाना पड़ेगा । मुझे इस का भय नहीं । रशिया के बिना चाइना को इशारा किये चाइना नहीं आ सकता । यह तो हुजूर अमरीका पधारे । उन्होंने एक हंसिया और हथौड़ा चन्द्रलोक को भेजा और एक हिन्दुस्तान की तरफ भेजा और आप की सवारी अमरीका की तरफ गई । अब आ गये कि पंचायत फैसला करेगी और निबट जायेगा मामला । कोई बहुत बड़ी बत नहीं है । मैं पहले भी आया था, फिर आया हूं, तुम बात चीत करो, सब ठीक हो जायेगा । जब पाकिस्तान मारता है तो अमरीका कहता है कि हम ने हथियार इस लिये नहीं दिया है, वह तुम पर हमला नहीं करेगा । हम आगे हथियार नहीं देंगे । हवाई जहाज पटक ही देता है । अमरीका का दबाव इस तरफ है और रशिया का दबाव उस तरफ है । चीन पंचशील के दबाव में नहीं आया है और महामानव बनने का नाटक हम ने कर दिया है । चीन की यह वृत्ति कोई नई नहीं है । न अमरीका उन लोगों में से है और न रूस उन लोगों में से है जो कि विस्तारवादी नहीं हैं । रशिया का ढंग भी विस्तारवादी है और अमरीका का ढंग भी विस्तारवादी है । लेकिन साथ साथ निस्तारवादी भी है । इतना फर्क है । निस्तार करता है बड़े सज्जनता के वातावरण में और यह केवल फब्तियां कस कर सीधे तरीके से काम निकालना चाहता है ।

इसके कारण यह चीन आया है और यह चीन केवल सज्जनता की बातों से नहीं मानेगा जब तक कि उसको पता यह नहीं होगा कि भारतवर्ष की जनता अब इस प्रकार से दबने वाली नहीं है और यदि हम इस प्रकार से उसको दबायेंगे तो संसार का जनमत हमारे विरुद्ध हो जायगा और भारतवर्ष की ४० करोड़ जनता भी हमारे विपरीत हो जायगी और हम इस प्रकार

से उसको हड़प नहीं सकेंगे। ऐसा जब तक प्रभाव उस पर नहीं पड़ेगा तब तक वह मानने वाला नहीं है लेकिन यह बात भी निश्चित है कि अब बातचीत करने के अलावा कोई दूसरा मार्ग रह भी नहीं गया है। अलबत्ता जिन को ऐसा समझ में आता है कि बात नहीं करनी चाहिए उन्हें अपने नामों की लिस्ट सरकार में भेज देनी चाहिए कि हम वहां मैकमोहन लाइन पार करके कहां कहां लड़ने जाने को तैयार हैं। उन्हें सरकार को इस तरह की एक लिस्ट दे देनी चाहिए और सरकार को उनके खाने पीने वगैरह का इन्तजाम करके वहां भेज देना चाहिए। संसार में कोई भी समस्या या सवाल दो ही तरीकों से हल हो सकते हैं और वे दो उपाय हैं बुद्धि या युद्ध, या तो बुद्धिवाद से काम करो या फिर युद्धवाद से काम करो? लेकिन मेरा कहना यह है कि केवल बुद्धि या केवल युद्ध से ही संसार की समस्त समस्याएं हल नहीं हो सकती हैं और यह देख कर कि इसमें क्या उपयुक्त रहेगा, बुद्धि या युद्ध के उपाय को काम में लाया जाना चाहिए। अब कल्पना कीजिये कि एक पंडित जी के घर के नीचे कोई एक दुर्जन अथवा डाकू हथियार लेकर आजाये और पंडित जी ऊपर खाली शन्ति पाठ ही करते रहें और उसके लिए अन्य कोई उपाय न करें तो आप बखूबी अंदाज लगा सकते हैं कि उन बेचारे पंडित जी का क्या बनेगा। घर के नीचे डाकू हथियारबंद हो कर ललकार रहा हो और पंडित जी महाराज शान्ति पाठ का उच्चारण कर रहे हों।

उसका परिणाम तो यही होने वाला है कि पंडित जी और शांति पाठ दोनों नीचे गिरे हुए दिखाई देंगे? शांति पाठ का स्थान अलग होता है और युद्ध का स्थान अलग होता है। तो इस प्रकार से हमको यह बुद्धिमत्तापूर्वक देखना पड़ेगा कि कब किस समय किस चीज का प्रयोग होना चाहिए और उनका प्रयोग बुद्धिमतापूर्वक होना चाहिए। बातचीत तो करनी पड़ेगी। प्रधान मंत्री ने उनको यहां बुलाया है तो आने दो। कोई हमारे प्रधान मंत्री महोदय हलुवा तो नहीं है जो चट से उनके मुंह में आजायेंगे और जिसको कि वह आसानी से गट्ट कर सकेंगे। आखिर ४० करोड़ की जनता उन के ऊपर है और उन्होंने भारत की जनता को यह वचन दिया है और यह आश्वासन दिया है कि हम एक इंच जमीन भी अपनी नहीं छोड़ेंगे तो हमें उनका विश्वास करना चाहिए। जब इतना विश्वास किया है तो थोड़ा और आगे विश्वास करो। ऐसा अविश्वास क्यों प्रकट करते हैं? अविश्वास शायद इसलिए प्रकट करते हैं जिससे यह मालूम पड़े कि हमारे ही मन में बड़ी देशभक्ति है और इतनी देशभक्ति किसी के मन में नहीं है। देशभक्ति के लिए ऐसा उतावलापन क्यों दिखाते हो? शान्ति रक्खो, गम्भीरता रक्खो, आने दो, बातचीत होने दो और यदि वह उसके बाद भी नहीं झुकते हैं तो फिर अपने प्रधान मंत्री को कहें कि अब जैसा हम बोलते हैं वैसा आप भी बोलो और दोनों मिल कर एक आवाज में बोलें कि हम अपनी भारत भूमि की एक इंच जमीन भी नहीं छोड़ेंगे। अब न तो हम तुम्हें यहां बुलाने को तैयार और न हम ही तुम्हारे वहां जाने को तैयार और अब तो रणस्थल में ही हमारा और आपका आखिरी तौर पर फैसला होगा। दोनों बातें होनी चाहिए। पहले बातचीत भी होनी चाहिए और जब उसका कोई परिणाम न निकले और वह न्याय की बात सुनने को तैयार न हो तब फिर अन्त में युद्ध का आश्रय लिया जाना चाहिए। भगवत्गीता में यह आया है :—

"सूच्याग्रयम् नैव दास्यामि बिना युद्धेन केशव"।

[पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश"]

अर्थात बिना युद्ध के एक सुई की नोक से जितनी पृथ्वी दब सकती है उतनी भी जमीन मैं देने को तत्पर नहीं हूं। जब ऐसा रुख कोई अपना ले तब उससे निबटने का युद्ध के सिवाय और कोई दूसरा मार्ग नहीं रहता और उस हालत में बुद्ध भगवान को काहे को कष्ट देंगे। आखिर अपने देश की आजादी को बरकरार रखने और देश की सुरक्षा के वास्ते तो हमने यह अपनी सेना रक्खी हुई है और फिर अगर श्री कृष्ण मेनन के प्रति लोगों में एक प्रकार का यह ख्याल है कि वे चीन से किसी न किसी रूप में मिले हुए हैं तो मेनन साहब के स्थान पर कैबिनट में कोई दूसरा व्यक्ति आजायेगा लेकिन यह अकेले मेनन साहब को लेकर यह लगातार रगड़ा क्यों लगाया जा रहा है। मेनन साहब के एक आदमी के पीछे इतना मत किसी के भी पीछे इस कदर मत पड़ो।

इसके अतिरिक्त मेरा निवदन यह है कि इसमें तो कोई सन्देह नहीं हैं कि भारतवर्ष में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और इस भ्रष्टाचार का कुफल कांग्रेस पार्टी को ही ज्यादा भुगतना पड़ रहा है। अपोजीशन पार्टीज तो केवल बोलती ही हैं यह दिखाने के लिए कि हम भले हैं। मैं पार्लियामेंट के मेम्बरों से पूछना चाहता हूं कि देश में भ्रष्टाचार आया तो आप तो पार्लियामेंट के मेम्बर हैं लेकिन क्या यह वाकया नहीं है कि हमारे कुछ भाई अपने फलैट्स में होटल चलाते हैं ? क्या वे अपने दिल पर हाथ रख कर कह सकते हैं कि वे बिल्कुल इस सम्बन्ध में दूध के धोये हैं ? भ्रष्टाचार है तो सारे देश में है और किसी न किसी रूप में हर क्षेत्र में वह विद्यमान है। इसलिए हमारे भाइयों का यह कहना कि हमारे शासन में बड़ा भ्रष्टाचार चल रहा है कुछ उचित नहीं जंचता जब कि वे खुद भी अपने फलैट में होटल चला रहे हों और मेम्बर साहबान सदा इस बात की चेष्टा करते हैं कि किसी तरह यह उनका डी० ए० टी० ए० डबल हो जाय और न जाने और कैसी कैसी तदबीरें करते हैं जिससे कि उनको भत्ता ज्यादा मिल सके। इसलिए जब ऐसी हालत है तो किसी को कहने से पहले स्वयं अपना मुंह दर्पण में देख लेना चाहिए और अपने को सुधारना चाहिए। ५०० मेम्बर लोक-सभा के और २५० मेम्बर राज्य सभा के यह ७५० मेम्बर क्या मिल कर भ्रष्टाचार बन्द नहीं कर सकते ? क्या वे देश में इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक वातावरण पैदा नहीं कर सकते और इसमें हम भी उनके साथ मिलें। अब भ्रष्टाचार का सकिल और लिंक इस तरह बढ़ता है कि एक सज्जन जो पार्लिया-मेंट के मेम्बर होना चाहते हैं, कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार हैं और हालांकि उनको यह मालूम है कि नीचे की मशीन में भ्रष्टाचार फैला हुआ है लेकिन वह उसको दुगुजर कर जाते हैं क्योंकि वह यह बखूबी जानते हैं कि अगर उन्होंने नीचे वालों की शिकायत की तो पार्टी वाले जाकर कांग्रेस के उच्च नेताओं से और जवाहरलाल जी से यह शिकायत कर देंगे कि यह सज्जन गांधी जी पर विश्वास नहीं रखते और कांग्रेस के सिद्धान्तों पर इनकी आस्था नहीं है और वे पार्लियामेंट के लिए कांग्रेस का टिकट खो बैठेंगे और इसलिए वे सब कुछ जानते हुए भी चुप रहते हैं क्योंकि वह जैसे भी हो यहां पार्लियामेंट में आने को इच्छुक रहते हैं और इसी तरह पार्लियामेंट में जो मिनिस्ट्री होती है वह हालांकि जानती है कि अमुक अमुक मेम्बर खराब हैं तो भी चूंकि मिनिस्ट्री को उनका वोट लेना होता है और समर्थन प्राप्त करना होता है इसलिए वह उनकी खराबियों का कोई खयाल नहीं करती और इसी तरह आगे चल कर हम देखते हैं कि प्रधान मंत्री जी चूंकि उनको अपने कैबिनेट के मंत्रियों से सहयोग लेना होता है और उनके साथ काम करना होता है इसलिए वह उनको शील्ड करते हैं और वे

ग्रौर हम सब मिल कर प्रधान मंत्री जी की जयजयकार करते हैं । कहने का तात्पर्य यह है कि इस तरह यह एक लिंक बढ़ता जाता है ग्रौर भ्रष्टाचार का समर्थन मिल जाता है . . . .

उपाध्यक्ष महोदय: ग्रब ग्राप ग्रपना भाषण समाप्त करें । ग्रापका समय समाप्त हो चला है ।

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश": उपाध्यक्ष महोदय, मैं ग्रपनी पार्टी से ग्रकेला ही हूं इसलिए मुझे कुछ ग्रधिक समय देने की कृपा की जाय ।

मुझे यह निवेदन करना है कि हमारे प्रधान मंत्री एक ऐसे व्यक्ति हैं, एक ऐसे सौभाग्यशाली ग्रादमी इस देश में पैदा हुए हैं जिनको कि जितनी ताकत ग्राज प्राप्त है उतनी ताकत ग्रब संभवत: किसी दूसरे को नहीं मिलेगी । भगवान करे ऐसे दो, चार ग्रौर पैदा हों लेकिन ग्रभी तो इसकी ग्राशा नहीं है । ग्रब नारा यह लगाते हैं कि प्रधान मंत्री के बाद कौन हो तो मैंने कहा था कि यह कोई गौरवास्पद नारा नहीं है । पिता के मरने के बाद घर बिगड़ जाय ग्रौर उजड़ जाय यह पिता की बुद्धिमत्ता ग्रौर दूरदर्शिता का द्योतक नहीं है । जवाहरलाल जी में यह ताकत है कि वह चाहें तो कल भ्रष्टाचार बन्द कर सकते हैं । दो, चार बड़े ग्रादमियों को स्वयं ग्रपनी सी० ग्राई० डी० लगवा कर यदि वह उनको पकड़वा कर जेल में भिजवा दें भले ही वह कितने बड़ ग्रौर प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हों तो कल देश में वर्तमान दूषित वातावरण बदल सकता है । लेकिन भ्रष्टाचार की ग्रावाज सुन कर हमारे प्रधान मंत्री जी स्वयं गरम हो उठते हैं झगड़ पड़ते हैं कि बतलाइए मुझे कहां कहां भ्रष्टाचार है ग्रौर कौन शख्स भ्रष्टाचारी है तो ग्रब उनको यह कौन बतलाये कि भ्रष्टाचार कहां चल रहा है ग्रौर कौन भ्रष्टाचार कर रहा है वैसे यह ग्राम प्रचलित बात है ग्रौर हर कोई जानता है कि चपरासी आठ ग्राने लेता है, सिपाही ५ रुपये ले[illegible], २० रुपये लेता है, सुपरिनटेंडेंट साहब ५० रुपये लेते हैं ग्रौर मिनिस्टर साहब शायद ५०० रुपये लेते हों, ग्रब पता नहीं ग्रपने को तो पता नहीं कि कितना लेते हैं । ग्रब यह जो करप्शन का सिलसिला नीचे से ऊपर तक चलता है इसको साबित कौन करे लोगों को तो ग्रपना काम निकालने से मतलब बाकी लोग तो हमसे ऐसा कहते हैं कि इस राज्य में एक बड़ा फायदा यह है कि किसी का कोई भी काम रुकता नहीं है । पैसा दे दो ग्रौर ग्रपना काम करा लो । यह जो हवा है यह तमाम जनता में फैली हुई है । इसको हमें दूर करना ही पड़ेगा । ग्राप भले ही मुझे कहें कि मैं जो यह कहता हूं कि देश में भ्रष्टाचार है तो मैं झूठा हूं, भ्रष्टाचार नहीं है ग्रौर तुम गलत बात कहते हो ग्रौर भले ही मुझे झूठे का सर्टिफिकेट दे दीजिये जिसको कि मैं ग्रपने साथ लेकर मरघट में चला जाऊंगा । मुझे उसकी कोई चिन्ता नहीं लेकिन मैं तो यही कहूंगा कि भ्रष्टाचार मस्ट गो । भ्रष्टाचार जाना चाहिए किसी भी प्रकार से जाय चाहे प्रधान मंत्री के ग्राशीर्वाद से जाय ग्रौर चाहे प्रधान मंत्री के ग्रभिशाप से जाय लेकिन भ्रष्टाचार जाना चाहिए । देश में भ्रष्टाचार नहीं रहना चाहिए ।

तीसरी बात उपाध्यक्ष महोदय विद्यार्थियों के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि देश में ग्रनुशासनहीनता इतनी फैली हुई है कि जिसका कोई ठिकाना नहीं । विद्यार्थी लोग जगह जगह जितने भी महाविद्यालय हैं उनमें उत्पात मचा रहे हैं । देश में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठने के बजाय गिर रहा है ग्रौर चारित्रिक दृष्टि से विद्यार्थी समुदाय ग्रधपतन की ग्रोर जा रहा है । माता पिता की तरफ से जो उन की पढ़ाई पर पया खर्च होता है वह व्यर्थ जाता है ग्रौर सरकार जो पढ़ाई पर खर्च करती है वह भी रुपया व्यर्थ जा रहा है । विद्यार्थियों में ग्रनुशासनहीनता ग्रौर विनाशकारी प्रवृत्ति

[पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश"]

बढ़ रही है और जिससे कि राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता । इस दिशा में गम्भीर चिन्तन होना चाहिये । शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन होना चाहिये आज यह जो १०० में से केवल ३३ प्रतिशत छात्र पास होते हैं और ६७ प्रतिशत असफल रहते हैं तो मैं कहना चाहूंगा कि यह ३३ परसेंट बुद्धिमान व्यक्तियों की अब देश में आवश्यकता नहीं है । कम से कम ५० के ऊपर तो मिलें, ५० परसेंट तो योग्य हों । ६७ परसेंट मूर्ख और ३३ परसेंट अकलमंद कैसे इस देश के कारोबार को चलायेंगे । यह शिक्षा पद्धति सदोष है और इसमें आमूल चूल परिवर्तन होना चाहिये ।

भारतवर्ष जैसे ऊष्ण प्रदेश में सह-शिक्षा देते रहना, बालक बालिकाओं का एक साथ विद्याध्ययन करना हानिकारक है और उनके चरित्र के नाश का कारण है इसलिये यह बहुत आवश्यक हो जाता है कि भारत में यह सहशिक्षा को बन्द किया जाय ।

इसके साथ ही साथ देश में धार्मिक वायुमंडल पैदा करने की अत्यन्त आवश्यकता है ।

"आत्मनः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत् ।"

मेरे साथ दूसरे के द्वारा किया हुआ व्यवहार जो मुझे अच्छा प्रतीत नहीं होता यदि वही व्यवहार मैं दूसरे के साथ करूंगा तो उसे भी वह अच्छा नहीं लगेगा । आज यह खेद का विषय है कि हमारी सरकार की धार्मिक आस्था उठती जा रही है और सरकार अपने को धर्मनिरपेक्ष कहती है और सरकार अपने को धर्म सापेक्ष बनाने के लिये तैयार नहीं है और यही कारण है कि चूंकि लोगों की और सरकार की सब की साधारणतया धर्म पर से आस्था उठती जा रही है इसलिये हमारे देश में अराजकता बढ़ती चली जा रही है और उसके परिणामस्वरूप देश पतन की ओर जा रहा है । मेरा विनम्र निवेदन है कि इस दिशा में ध्यान देना चाहिये । इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

14 hrs.

Shri S. L. Saksena (Maharajganj): I have given notice of certain amendments which I have already moved.

The President's address has admitted that incursions into parts of the territory of India by elements of Chinese forces have taken place. It has also said that we shall not accept these unilateral decisions by the use of force. We know that 10,000 square miles of our territory are in the possession of China. And they are making a fantastic claim to 50,000 square miles of our territory. But the Address does not give an idea that we have been invaded or does not convey to the people the idea that we are not living in normal times, and that since we are an independent country, therefore, all efforts must be made to preserve our independence, on a war footing. Our enemy who has occupied so much of our territory has now got about forty divisions of troops in Tibet or about eight lakhs of persons. They have built jeepable roads connecting the passes on their side of the Himalayas with important road and railway centres in Tibet and China. They have also fully prepared themselves to live there even in this cold weather, and they are managing their checkposts. Under these circumstances, I feel that the country must be told that there is external danger. This is not merely a temporary incursion, but I think, in the future also, we shall have always to safeguard these 2000 miles of our border. And to safeguard them is not an easy matter. The enemy perched on the passes which he has got in his possession can easily bomb Delhi which is hardly three hundred miles from these passes, but

if we want to retaliate, we shall have to go about four thousand miles in order to bomb them.

Therefore, the real nature of this Chinese invasion has not been fully realised, and our Government have been trying to play down the whole thing, so that they do not create a war psychosis, and probably they have already made this effort.

We must realise that if we want to live as a great nation, as a potential great Power, then we must always be eager to see that our problems are solved at a swifter pace than before. Here, I want to draw the attention of Government to the fact that they do not seem to be fully aware of what they should do. When I hear that the Third Five Year Plan is being prepared, and the target that has been fixed for it is about Rs. 10,000 crores, then I feel that they have not tried to know the real position of China.

In the past, I had quoted figures about the progress of China. Some hon. friends opposite used to laugh at them, and they did not believe in them; but these figures now seem to have come true. Only a little while ago, Shri Khadilkar had pointed out that even America now accepts that the progress of China is about five times more than that of India, two times more than that of Russia under the iron heels of Stalin, and three times more than that of America even today. That is the nature of the problem that we have to meet with. But if we remain complacent that we are already going very fast, and that we have achieved so much in this, so much in that and so on, then, I am afraid that we shall end by becoming a third-class power, and the freedom which we have won with such hard efforts will be lost. When I compare the problems faced by China and the progress achieved by her during the last ten years, I am astounded. It is really something fantastic. She produced half a million tons of steel in 1949 when she was liberated, and I am surprised that her production of steel today is 13 million tons, which is nearly 26 times. Our production of steel when we became free was 0·9 million tons, and today, it is only 2·5 million tons. When all our steel plants go into full production, it will still be only 4·5 million tons. That is the extent of difference between the progress in China and India. During the last ten years, they have increased their production by twenty-six times, whereas we have only increased our production by three times, and thus, China's progress is about nine times that of India, so far as the steel industry is concerned.

Similarly, in regard to coal also, they began very late with a production which was almost of our size, but in 1952, they have increased it to 63 million tons, and today their production is about 200 million tons, whereas our coal production has only increased from 37 million tons to 48 millions during the corresponding period. That is the nature of the difference in the production of coal The same thing is true of the other things also.

Take the case of food production, for instance. Our production of foodgrains was 54 million tons when we became free, and it is now only 73 million tons, if we accept the figures given by Government. In the case of China, their production which was about 90 million tons when they became free, is about 300 million tons now. My hon. friend Shri A. P. Jain laughed at these figures when he spoke yesterday. He did not believe in them. But even those who have very closely studied all these figures and have written books in the western countries, and who are not very sympathetic towards the developments that have taken place in China have accepted that China's rate of progress is perhaps the swiftest today in the whole world. Therefore, these figures need not be disbelieved. If anything, it is to our advantage if we take them at their face value.

[Shri S. L. Saksena]

So, the position today is this. If we want to safeguard our frontiers, if we want to be treated as a big Power in the world in the future, then it is very necessary that we must try to increase our rate of progress. If their progress has been fivefold, then we must also increase our efforts fourfold or fivefold. Therefore, I think, in this context, we must not be afraid of saying that our Third Five Year Plan must be of the order of Rs. 25,000 crores. The first plan of China was of the order of Rs. 6,000 crores. Their second plan was of the order of Rs. 57,000 crores. Our Third Five Year Plan is not even half the size of their second plan; if that is the position, then we cannot hope to remain as a Power to be reckoned with. I know, of course, that the area of China is more than double that of our country, and their population is about one and a half times our population. Even then, the fact remains that their rate of progress is about five times that of ours. That means, that even taking into account their area and their population as compared to ours, their rate of progress is at least three times ours. Therefore, if we want to compete and remain in the race, then it is essential that we must gird up our loins, tighten up our belts, and be prepared to make the necessary sacrifices. I can say that if we take up that position, then our friends who have been helping us so far, and who have been so generous in helping us in the matter of foreign exchange will definitely see that they must help us more. It is said that on India's progress depends the future of democracy in the East. But if these small countries in the East, about whom it is said that they would look to India and China, see that the progress of India is slow, then, naturally, they will not like to adopt the democratic method. So, if they want to safeguard democracy, it is in their interests that when India launches upon a huge gigantic plan, they must come and help us not only for the sake of India but for the sak of democracy itself. I think thos who profess that the backwar nations should be pulled up, whethe it be the Soviet Union or the USA o any other country, must also welcom this, if we make a bold effort to pr gress at a faster pace commensura with the circumstances which exi today.

हुआ है और जो हमारे तीन पर्वतीय जिले तिब्बत की सीमा से मिलते हैं, उन की जो तीन सीमावर्ती तहसीलें हैं, जैसे अल्मोड़ा में पिथौरागढ़, गढ़वाल में चमोली और टेहरी गढ़वाल में उत्तर काशी, इन तीन तहसीलों को अपग्रेड कर के जिला बना दिया जाये और वहां पर डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट्स को स्पेशल पार्वस दी जायें । यहां तक जो सड़क निर्माण का काम है वह भी उन के जरिये ही हो, और वे सीधे चीफ मिनिस्टर, व चीफ सेक्रेटरी से बातचीत कर सकें । जो नई व्यवस्था की जा रही है मैं उस का हृदय से स्वागत करता हूं । क्योंकि हमारे जिले इतने लम्बे चौड़े हैं कि उनकी तहसीलें ही क्षेत्रफल में मैदानी इलाकों के एक-एक जिले के बराबर हैं । वहां पहुंचना कठिन हो जाता है । इस दृष्टिकोण से मैं इस का समर्थन करता हूं । लेकिन इस सम्बन्ध में मैं केवल यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन जिलों की जो तहसीलें बच जाती हैं उन्होंने कौन सा अपराध किया है ? आप बार्डर की सीमा क्या रखना चाहते हैं । क्या आप बार्डर की सीमा पांच मील तक या २० मील तक रखना चाहते हैं या कि तहसील तक उस को लायेंगे । हम लोगों का इस बारे में अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के जो पर्वतीय सदस्य हैं उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से यह कहा है कि जो सारा हिल एरिया है उस को बार्डर माना जाये और उनको वही सुविधायें दी जायें और उनमें वही प्रशासन तंत्र लागू किया जाये जिस की व्यवस्था की जा रही है इस समय हमारे प्रदेश में जो पांच पर्वतीय जिले हैं उन के अलावा तीन और नये जिले बनाये जा रहे हैं । इस तरह से आठ जिले हो जाते हैं, इन आठ जिलों में नई शासन व्यवस्था, नया प्रशासन तंत्र चालू किया जाये। इन आठ जिलों क प्रशासकों के ऊपर अनुभवी एडमिनिस्ट्रेटर को रक्खा जाय जो सीधे राज्य सरकार से और जरूरत पड़े तो केन्द्रीय सरकार से बातचीत कर सकें, तभी आप वहां की जनता में विश्वास पैदा कर सकते हैं।

इस से पहले कि मैं अपने वक्तव्य को समाप्त करूं, मैं इस सम्बन्ध में यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि जैसे मान लीजिये कि जब हरद्वार से आप बद्रीनाथ की ओर जाते हैं तो रूद्रप्रयाग से आगे का इलाका उस नये जिले में आ जायेगा जो कि प्रस्तावित जिला है । लेकिन रूद्रप्रयाग से नीचे की जो सड़क है यदि उस इलाके का पुराने ढंग पर ही शासन प्रबन्ध होगा और नीचे की सड़कें टूटी रहेंगी तो क्या फायदा है उन को बनाने का । इस लिये जिस जगह से पहाड़ी इलाका शुरू होता है जब तक उस सारे क्षेत्र को नई व्यवस्था नहीं लागू की जाती तब तक कोई लाभ होने वाला नहीं है ।

अन्त में आप की अनुमति से मैं एक ही अपील अपनी केन्द्रीय सरकार से करना चाहता हूं । यह प्रसन्नता की बात है कि आज हिमालय का गुणगान किया जा रहा है और उसे भारतीय संस्कृति का उद्गमस्थल बताया जा रहा है, अपने देवताओं का निवास-स्थान घोषित किया जा रहा है, उत्तरी सीमाओं का जागरूक प्रहरी बताया जा रहा है । इस तरह के शब्दों से जरूर उस की पूजा हो रही है, लेकिन जितना इन इलाकों क. विकास किया जा सकता था और जितनी तेजी से हमें उसे करना चाहिये था, जिस जागरूकता का परिचय दिया जाना चाहिये था, वह अभी तक नहीं हो रहा है । हमारे भूतपूर्व खाद्य मंत्री श्री अजित प्रसाद जैन ने नालागढ़ कमेटी का जिक्र किया कि नालागढ़ कमेटी ने जिस फूड एडमिनिस्ट्रेशन में संशोधन करने का सुझाव दिया था वह समाप्त हो गया, उसे कोल्ड स्टोरेज में डाल दिया गया । आप को याद होगा कि उसी तरह गवर्नमेंट ने एक कमेटी पिछले दिनों नियुक्त की थी । हमारे संसद् के माननीय सदस्य श्री त्यागी जी भी उस के सदस्य थे । उस कमेटी ने जिस का नाम अगम्य क्षेत्र समिति—इनएक्सेसिबल एरियाज कमेटी था—था कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें की थीं । उस ने खास तौर पर यह सिफारिश की है कि जो

[श्री भक्त दर्शन]

इनऐक्सेसिबल एरिया है उन के विकास का इलाज यह है कि उस को इनएक्सेसिबल न रहने दिया जाय। वहां यातायात की व्यवस्था की जाय। मैं आशा करता हूं कि उस कमेटी की रिपोर्ट पर शीघ्र कार्यवाही होगी और उस इलाके का भविष्य क्या होगा इस पर निश्चित रूप से विचार किया जायेगा।

इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति जी को धन्यवाद देने का जो प्रस्ताव है उस का हार्दिक समर्थन करता हूं।

श्री भोलानाथ विश्वास (कटिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, यह सौभाग्य की बात है कि आज मुझे संसद् के सामने राष्ट्रपति के भाषण का समर्थन करने का मौका मिला है। राष्ट्रपति का भाषण देश, काल एवं परिस्थिति के अनुसार सर्वोच्च भाषण है। राष्ट्रपति ने अपने भाषण के द्वारा उन सब प्रमुख घटनाओं एवं जिम्मेदारियों का दिग्दर्शन कराया है जो कि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

हमें इस बात से सन्तोष है कि हमारा देश बहुत से मामलों में आगे बढ़ रहा है और दुनियां के अधिकांश देशों की शुभ कामनाएं हमें मिल रही हैं। इतना ही नहीं कि प्रभावशाली देश हमें आर्थिक मदद दे कर हमारी आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक हालतों में सुधार लाने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि वे हमारे पंचशील का आदर करते हैं जिस से आज दुनियां के तनाव में कमी दिखलाई पड़ रही है। दुनियां के सब से प्रभावशाली देश के नेता आज शान्ति का सन्देश ले कर अन्य देशों में भ्रमण कर रहे हैं, जिस का समर्थन हम पहले से करते आ रहे हैं।

यह हमारा दुर्भाग्य है कि चीन जो कि हजारों वर्षों से हमारा दोस्त बना हुआ था, आज विश्वासघात कर रहा है और हमारी सीमाओं का उल्लंघन कर रहा है। हम ने हमेशा चीन को अपना मित्र समझा और मित्रता के नाते हम ने हमेशा चीन की मदद की है। हम ने इस की कभी कल्पना भी नहीं की थी कि चीन इस प्रकार का विश्वासघात करेगा। यही कारण था कि हम चीन की तरफ से निश्चित थे। लेकिन चीन कृतघ्न निकला। चीन दुश्मन बन कर हमारा जितना नहीं बिगाड़ सकता था, उतना दोस्त बन कर उस ने हमारा बिगाड़ा है और बिगाड़ रहा है। दुश्मन से हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। परन्तु दोस्त चीन ने नाजायज फायदा उठाया है जिससे हमें काफी दुःख हो रहा है। हम चीन की मांग को किसी भी कीमत पर मानने के लिये तैयार नहीं हैं। हम तो सिर्फ यही चाहते हैं कि चीन हमारी सीमाओं से शीघ्र अपना अधिकार हटा ले। इस में दोनों देशों की भलाई है। सीमाओं के मामले में हमारी सरकार जिस नीति को अख्तार कर रही है वह प्रशंसनीय अवश्य है। दुनिया के अधिकांश देशों का समर्थन हमें प्राप्त हो रहा है। यदि चीन अपनी गलती को महसूस कर सीमाओं से अपने अधिकार को नहीं हटा लेता है तो हमारी सरकार को बाध्य हो कर इस से भी अधिक ठोस कदम उठाने पड़ेंगे। हमें विश्वास है कि निकट भविष्य में हमारी कार्रवाई और संसार भर का प्रतिकूल जनमत चीन को हमारे साथ परम्परा द्वारा स्थापित हमारी सामान्य सीमाओं के सम्बन्ध में समझौता करने के लिये बाध्य करेंगे। इसी में दोनों राष्ट्रों का हित भी है।

यह हर्ष की बात है कि हमारा पड़ौसी राष्ट्र पाकिस्तान सही रास्ते पर आ गया है। पाकिस्तान से अनेक दिनों से हमारी खींचातानी चल रही थी। और वह हमारा नुक्सान कर रही था। सिर्फ हमारा ही नुक्सान नहीं हो रहा था, पाकिस्तान को भी अनेक मामलों में नुक्सान उठाना पड़ा है।

अब पाकिस्तान विवादग्रस्त मामलों को सुलझाने के लिये शान्तिपूर्ण प्रयत्न कर रहा है । बहुत से मामले तो सुलझ गये हैं, बाकी भी सुलझने के रास्ते पर हैं । आशा है कि निकट भविष्य में पाकिस्तान हमारे लायक दोस्तों में से होगा ।

दक्षिण अफ्रीकी संघ की जाति के आधार पर पृथकता की नीति निन्दनीय अवश्य है जिससे हमारे मूल भारतीयों को भी अनेक कष्ट एवं अपमान सहना पड़ता है । यह नीति संयुक्त राष्ट्र के अधिकार पत्र में दिये गये मानवीय अधिकारों के प्रतिकूल है । दक्षिण अफ्रीका को शीघ्र अपनी नीति में सुधार लाना चाहिए जिससे प्रत्येक नागरिक को सामान्य अधिकार मिल सकें ।

तीसरी पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा तैयार करने का काम जोर शोर से चल रहा है । इस योजना का क्षेत्र पिछली पंचवर्षीय योजनाओं के क्षेत्र से अधिक व्यापक अवश्य है । इसके लक्ष्य भी अधिक ऊंचे हैं एवं ध्येय प्रशंसनीय है । राष्ट्रीय आय को दुगना करना है, कृषि उत्पादन, खुराक की जरूरतों, भारी मशीनी औजार-निर्माण, लोहा, ईंधन तथा बिजली जैसे मौलिक उद्योगों की ओर विशेष ध्यान दिया जायेगा । यदि हमारी तीसरी पंचवर्षीय योजना सफल हो जायेगी तो हम निश्चित रूप से बहुत सी चीजों में आगे बढ़ जायेंगे ।

भारतवर्ष कृषि प्रधान देश है । खेती हिन्दुस्तानियों के लिए जीविका है क्योंकि यहां के अस्सी प्रतिशत: निवासी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर करते हैं । यहां के निवासियों के लिये खेती की अबलम्ब है । जिस साल हमारे देश में फसल अच्छी होती है उस साल यहां के नागरिक खुशहल रहते हैं और फसल के बिगड़ जाने पर लोगों की परेशानी बढ़ जाती है । खेती का स्थान हिन्दुस्तान में उद्योग के स्थान से कम महत्व नहीं रखता । अब भी भारतवर्ष की राष्ट्रीय आय मुख्यतया खेती पर ही अवलम्बित है । यह मान्य बात है कि खेती में हमने काफी तरक्की की है फिर भी हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो सकी है । अतिवृष्टि, अनावृष्टि से हमारा पिंड अभी तक छूट नहीं पाया है । सिंचाई की पूरी व्यवस्था हो नहीं पाई है । खेती के लिए अभी भी हमें प्रकृति पर निर्भर करना पड़ता है जो कि पिछले कई वर्षों से साथ नहीं दे रही है । इसलिए हम खाद्यान्न की समस्या को सुलझा नहीं सकते हैं ।

इसके अलावा हमारी आबादी भी दिनों दिन बढ़ती जाती है जिसका मुकाबला करना है । ऐसे तो उम्मीद है कि तीसरी पंचवर्षीय योजना के अन्त में खाद्यान्न की समस्या को हल करने में सफलीभूत हो जायेंगे लेकिन बढ़ती हुई जनसंख्या को देख कर सन्देह होता है कि बाहर से खाद्यान्न मंगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी । खाद्यान्न की समस्या को सर्वप्रथम हल करना ही होगा क्योंकि कोई भी राष्ट्र करोड़ों रुपया केवल खाद्यान्न के आयात पर अनेक दिनों तक खर्च नहीं कर सकता है । अन्न के मामले में स्वावलम्बी होना अनिवार्य है ।

अच्छी जुताई, अच्छे बीज, खाद, सिंचाई एवं पौधों की रक्षा से तो कृषि की पैदावार बढ़ा ही सकते हैं । इसके अलावा और भी साधन हैं जिनका कि हम उपयोग नहीं कर पाये हैं । करोड़ों एकड़ जमीन हमारी बेकार पड़ी है जिसको कि हम खेती के लायक बना सकते हैं । यदि हमारी सरकार उन बेकार जमीनों को खेती के लायक बना दे तो पैदावार में वृद्धि होगी । दूसरी बात जो ध्यान देने की है वह अनाज का न्यूनतम दाम निर्धारित करना है

[श्री भोलानाथ विश्वास]

जिससे कि किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे अधिक से अधिक मेहनत कर के पैदावार को बढ़ा सकेंगे। जूट का दाम भी यदि सरकार अधिक निर्धारित करेगी तो उससे किसानों में उत्साह पैदा होगा और वह अधिक पैदावार करेंगे। सरकार को लागत के आधार पर अनाज और जूट के दाम नियमित रूप से प्रत्येक साल अधिक से अधिक निर्धारित करने चाहिए ताकि किसानों में अधिक पैदा करने के लिए उत्साह हो, उनकी आर्थिक अवस्था बेहतर हो और ऐसा होने से पैदावार भी बढ़ेगी और बेकारी की समस्या भी कुछ अंश में हल होगी।

स्थाई तेल और प्राकृतिक गैस कमिशन की स्थापना से हमारा कार्य बहुत आगे बढ़ रहा है। देश के विभिन्न स्थानों में तेल की प्राप्ति की खोज जोरों से जारी है। तेल के उत्पादन के लिए अनेकों तेल के कूप खोदे गये हैं जो कि आसाम और बिहार की सरकार की रिफाइनरीज के लिए आवश्यक हैं। आसाम रिफाइनरीज के निर्माण की प्रगति जोरों से जारी हैं। बिहार की बरौनी रिफाइनरीज की आशा है कि नियत समय के पहले बन कर तैयार हो जायगी और देश की आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक बनेगी। इनके बनाने एवं अन्य साधनों की प्राप्ति के लिए जो हमें सोवियट समाजवादी गणराज्य मदद कर रहा है उसके लिए हम आभारी हैं।

गृह उद्योगों को उचित और यथार्थ स्थान अभी तक प्राप्त नहीं हो सका है। गृह उद्योग हमारे देश में महत्व का स्थान रखता है। इसकी उन्नति होने से अधिकांश लोगों की आर्थिक उन्नति होगी। बेकारी की समस्या भी कुछ अंश में हल हो सकेगी क्योंकि इसके विकास की काफी गुंजाइश भी है।

यातायात में यद्यपि हम काफी तरक्की किये हैं फिर भी हमारे देश में यातायात का बहुत ही अभाव है। यातायात की कठिनाई जब तक दूर नहीं होती है तब तक हमारा व्यापार उन्नति नहीं कर सकेगा। आजकल के जमाने में मनुष्यों का यातायात से बहुत ज्यादा सम्बन्ध हो गया है। यातायात की सुविधा के लिए अच्छी सड़कों का निर्माण करना है बहुत से राज्यों ने सड़कों के निर्माण में काफी ध्यान दिया है और इस दिशा में उन्नति भी की है लेकिन बहुत से ऐसे भी प्रान्त हैं जहां अच्छी सड़कें अधिक नहीं बन सकी हैं। पिछड़े प्रान्तों को विशेषरूप से आर्थिक मदद देकर यातायात की समस्या की हल करना नितान्त आवश्यक है।

दूसरा यातायात का साधन हमारी रेलें हैं। जब हम रेलगाड़ियों में चलने वाले मुसाफिरों की हालत देखते हैं तो दुःख होता है कि कितनी कठिनाइयों का सामना करके मुसाफिर एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। लाइनों, ट्रेनों एवं डिब्बों में अति शीघ्र वृद्धि करनी चाहिए जिससे मुसाफिरों को कुछ राहत मिल सके। इसके चलते हमारे व्यापार को भी काफी क्षति उठानी पड़ती है।

शिक्षा के मद में हमारी सरकार यद्यपि काफी रुपया खर्च कर रही है फिर भी सन्तोषजनक फल नहीं मिल रहा है एवं शिक्षण प्रणाली में भी काफी खामियां दिखलाई पड़ती हैं। छात्र अनुशासनहीन होते जा रहे हैं और इसमें सुधार लाने की परम आवश्यकता है।

16.26 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

हमारी सरकार पिछड़ी जाति—हरिजन एवं आदिवासी—विद्यार्थियों को पढ़ने के लिये आर्थिक मदद भी दे रही है । मदद देने की व्यवस्था केन्द्र से हटाकर प्रान्तों में दे दी गई है यह प्रशंसनीय है । लेकिन मदद की रकम निर्धारित करने का अधिकार प्रांत को नहीं रहने पर उसकी व्यवस्था में प्रांतों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतः मेरी राय में मदद की रकम निर्धारित करने का अधिकार प्रान्त को प्राप्त होना चाहिए । वर्तमान साल में जितनी रकम केन्द्र सरकार से प्रान्तीय सरकार को प्राप्त हुई है वह पर्याप्त नहीं है, उसमें वृद्धि करने की आवश्यकता है ।

यह सन्तोष की बात है कि देश की विदेशी मुद्रा स्थिति अधिक नहीं बिगड़ी है। वह यथापूर्व है। हमारी सरकार ने व्यापार के लिए जो नीति अपनाई है उससे विदेशी युद्रा की आमदनी अधिक होगी क्योंकि आयात पर सख्त नियंत्रण करके निर्यात को बढ़ाने में सफलीभूत हो रही है। उद्योग के मामले में जिस प्रकार हम तरक्की कर रहे हैं उससे हमें आशा होती है कि निकट भविष्य में विदेशी मुद्रा पर्याप्त रूप से हमें प्राप्त होगी ।

देश के आर्थिक विकास के लिए हमारी सरकार ने नेशनल एक्सटेंशन ब्लाक और कम्युनिटी डेवलपमेंट ब्लाक की स्थापना है जिसके द्वारा गांव गांव में सरकारी अफसरान पहुंच गये हैं एवं साधारण जनता से अपना सहयोग बढ़ा रहे हैं। करोड़ों रुपया सरकार का इस मद में खर्च हो रहा है। देहातों में लाखों रुपये के मकानात बन गये हैं और बन रहे हैं। जोरों से काम आरम्भ हो गया है । यह बात भी सही है कि जब तक गांवों सुधार नहीं होता है तब तक स्वराज्य का कोई अर्थ हीं है । आम जनता की सुविधा के लिए सभी साधन सरकार की तरफ से दिये जाते हैं फिर भी जिस अनुपात में सरकार का पैसा खर्च होता है उस अनुपात में जनता को फायदा नहीं मिल रहा है। कारण भी लोगों को मालूम है फिर भी सका निदान नहीं है। यदि सरकारी अफसर अपने कामों में थोड़ा सा सतर्क हो जांय तो मुझे विश्वास है कि आम जनता को उसकी आवश्यक सामग्री समय मिल जायगी और उससे किसानों का फायदा होगा । किसानों को फायदा होने का मतलब राष्ट्र का फायदा हुआ है।

हम कोआपरटिव सोसाइटीज एवं पंचायती राज्य के बारे में बराबर चर्चा चल ते हैं। सरकार चाहती है कि कोआपरेटिव एवं पंचायती राज्य के द्वारा हमारा आर्थिक विकास का कार्य आगे बढ़े। सरकार की व्यवस्था से आम जनता खुश होती है परन्तु जब उनके वास्तविक रूप को देखती है तो निराश होना पड़ता है। मुझे पता नहीं कि जिन के हाथ में इसे प्रोत्साहन देने का भार सौंपा जाता है वह उन्हें क्यों नहीं देते हैं। जो काम हम कोआपरेटिव एवं पंचायती राज्य के द्वारा करा सकते हैं उस कार्य को व्यक्तिगत रूप में देकर कोआपरेटिव एवं पंचायती राज की प्रगति को अवरुद्ध करते हैं। मुझे आशा है कि लोगों की मनोवृद्धि धीरे-धीर बदलेगी और कोआपरेटिव एवं पंचायती राज को प्रोत्साहन अवश्य मिलेगा जिससे हमारे किसानों की हालत में सुधार होगा और राष्ट्र की उन्नति होगी । इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण का समर्थन करता हूं और आपने जो मुझे उनके भाषण पर बोलने का अवसर दिया उसके लिए आपको भी धन्यवाद देता हूं ।

सेठ अचल सिंह (आगरा) : अध्यक्ष महोदय, आपने जो मुझे बोलने के लिए समय दिया उसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दिया है उसमें उन्होंने करीब ६१ विषयों पर

[सेठ अचल सिंह]

प्रकाश डाला है और वह अभिभाषण करीब-करीब सभी विषयों की ओर संकेत करता है ।

उन्होंने चीन के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये हैं, सब से पहले मैं उस विषय में कुछ कहना चाहता हूं । चीन में पहले च्यांग काई शेक का शासन था और वह चीन का कार्य चलाते थे । लेकिन सन् १९५० में रिपब्लिक आफ चाइना ने चीन पर कब्जा कर लिया । पहले चीन का जो सम्बन्ध तिब्बत के साथ था वह ऐसा नहीं था जैसा कि साम्राज्य का होता है । तिब्बत एक स्वतंत्र देश था । जिस समय ब्रिटिश गवर्नमेंट ने चीन और तिब्बत के साथ संधि करके मैकमोहन लाइन निश्चित की थी, उस समय तिब्बत स्वतंत्र देश था और उसको पूरा अधिकार था । लेकिन जैसा कि हमारे पूर्ववक्ता ने बताया जब चीनी रिपब्लिक का शासन आया तो उन्होंने घोषणा की कि हमको तिब्बत को लेना है । इसका मतलब यह था कि जो स्वतंत्र तिब्बत था उसको चीन अपना गुलाम बनाना चाहता था । और हमने हाल में देखा कि चीन ने तिब्बत पर हमला किया और तिब्बत पर कब्जा कर लिया । उसके परिणामस्वरूप दलाई लामा को हिन्दुस्तान में शरण लेनी पड़ी ।

अब से चार साल पहले चीन के प्रधान मंत्री चाऊ एन लाई हिन्दुस्तान में आए थे । उस समय उन्होंने पंचशील सिद्धान्त के अनुसार एक सुलहनामा किया था और यह तै किया था कि कोई किसी के अन्दरूनी मामलों में दखल नहीं देगा और कोई किसी को नहीं सतायेगा और जिओ और जीने दो के सिद्धान्त को अपनाएगा । लेकिन हमने देखा कि जो हमारी करीब २२०० मील की सीमा थी और जो हमारे पास सैकड़ों वर्षों से चली आ रही थी चीन ने उसका अतिक्रमण करके हमारे देश के कुछ भाग पर अधिकार कर लिया जो कि बिल्कुल नामुनासिब है । जब चाऊ एन लाई आये थे तो हमने उनका स्वागत किया था और उन्होंने कहा था कि हिन्दी चीनी भाई भाई हैं और उस समय ऐसा मालूम पड़ता था कि चीन में जो बुद्ध धर्म चल रहा है उसके अनुसार वह अपने वचन का पालन करेंगे । लेकिन हमने देखा कि चीन ने अपने वचन का पालन नहीं किया और हमारे देश की सीमा पर अधिकार कर लिया । इसका हमारी तरफ से विरोध किया गया और हमारे प्रधान मंत्री जी ने अक्सर अपने भाषणों और वक्तव्यों में और जो उनका चीन के साथ पत्र व्यवहार हुआ उसमें इस विरोध को व्यक्त किया । वह शुरू से इसका विरोध करते आ रहे हैं ।

हमारी पहली भूल यह हुई कि जो तिब्बत स्वतंत्र देश था उसको जब चीन ने गुलाम बनाया तो हमने उस पर ऐतराज नहीं किया और उसको गुलाम बन जाने दिया । इसी लिए चीन का हौसला बढ़ गया । लेकिन चीन के लिए जो राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में कहा है वह ठीक ही है क्योंकि अगर कोई पंचशील सिद्धान्तों में आस्था व्यक्त करे पर उसके अनुसार कार्य न करे तो वह नाजायज बात ही है । हमारे प्रधान मंत्री जी ने कुछ समय हुआ यह वक्तव्य दिया था कि चीन ने जो हमारा प्रदेश ले लिया है जब तक वह उसको नहीं लौटायेगा तब तक हम उससे बात नहीं करेंगे । उस वक्तव्य का तमाम देश ने स्वागत किया था । लेकिन जब देखा कि इस तरह से मामला नहीं बनता है तो पंचशील सिद्धान्त के अनुसार यह मुनासिब समझा गया कि हम चाऊ एन लाई के साथ मिल कर मामला तै करें । चूंकि लड़ाई करने से बड़ा संघर्ष होगा और उससे बहुत विनाश होगा, इसलिए यह सोचा गया कि आपस में बैठ कर नेगोसिएशन से इस मामले

को निबटाया जाए । हो सकता है कि जो श्री ख्रुश्चेव यहां आये थे उनसे कुछ बातचीत हुई हो और उन्होंने कुछ संकेत दिया हो । इसके अलावा यह महात्मा गांधी के सिद्धान्त के अनुसार है और अहिंसा के सिद्धान्त के भी अनुसार है कि हम आपस में बैठ कर मामले को निबटा लें । हो सकता है कि इस प्रकार कोई राजीनामा हो जाए । लेकिन एक बात जो हमारे पक्ष में है वह यह है कि इस समय दुनिया का वायुमंडल ऐसा बन गया है कि लोग समझने लगे हैं कि चीन ने हिन्दुस्तान के साथ ज्यादती की है और उसका यह काम अनुचित है । इस प्रकार तमाम संसार का लोकमत हमारे साथ है । हमें आशा है कि जब दोनों प्रधान मंत्रियों की मुलाकात होगी तो श्री चाऊ एन लाई ठीक रास्ते पर आ जायेंगे, और वह उचित बात को स्वीकार करेंगे, और यह मामला आपसी बातचीत से तय हो जाएगा ।

जैसा कि मैंने पहले कहा, हमें इस मामले को पंचशील सिद्धान्तों के अनुसार बातचीत द्वारा तै करना चाहिए क्योंकि आजकल लड़ाई छेड़ना कोई मामूली बात नहीं है । आजकल कोई भी लडाई विश्व युद्ध में परिणत हो सकती है और संसार की तमाम ताकतें उसमें आ सकती हैं । आजकल लड़ाई की बात करना तो आउट आफ आर्डर है क्योंकि वास्तव में नेगोशिएशन और बातचीत से ही मामले तै हो सकते हैं ।

आपने देखा कि चीन ने कोशिश की थी कि फारमोसा को, जो कि च्यांग काई शेक के कब्जे में है, जबर्दस्ती ले ले और उसके लिए उसने बल प्रयोग भी किया लेकिन उसको वहां मुंह की खानी पड़ी और वह चुप हो कर बैठ गया । इसीलिए मैंने कहा कि आजकल के जमाने में लड़ाई छेड़ देना कोई आसान बात नहीं है । उससे विश्वयुद्ध हो सकता है और बहुत विध्वंस हो सकता है और तमाम संसार नष्ट-भ्रष्ट हो सकता है । इसलिए जो मार्ग प्रधान मंत्री जी ने अपनाया है वह ठीक है और मैं उसका स्वागत करता हूं और मेरा विश्वास है कि यह मामला इस प्रकार से तै हो जाएगा जिससे दोनों देशों की प्रतिष्ठा कायम रहेगी ।

दूसरा विषय जिस पर हमारे राष्ट्रपति जी ने रोशनी डाली वह खाद्य समस्या के बारे में था । हमारा कृषि प्रधान देश है । हमें बड़े शर्म के साथ कहना पड़ता है कि हमारे देश को जो कि कृषि प्रधान है उसको विदेशों से अपने लिए अन्न मंगाना पड़ रहा है और इस कारण हमारा विकास रुक रहा है । हमने कृषि मेला देखा । उसे देखने से मालूम होता है कि अमरीका और रूस ने कृषि में कितनी तरक्की कर ली है और किस प्रकार अपनी पैदावार कई गुना बढ़ा ली है । वहां एक एक एकड़ भूमि में चालीस चालीस मन गेहूं पैदा होता है जब कि हिन्दुस्तान में केवल १० मन या १२ मन प्रति एकड़ पैदा होता है । चाहे चीन की पालिसी जो भी हो, लेकिन हमने मले में देखा कि चीन ने हर तरफ तरक्की की है । खाने में, कपड़े में, जगल में, रेल में, लोहे में, हर तरफ उन्होंने अपना उत्पादन ३००, ४०० और ५०० पर-सेंट बढ़ा लिया है । यह ठीक है कि वहां डिक्टेटरशिप है, लेकिन उस देश ने बहुत तरक्की की है, । हम सन् १९४७ में आजाद हुए और चीन सन् १९५० में आजाद हुआ । हमको आजाद हुए १२ वर्ष हो गए और उनको आजाद हुए केवल १० वर्ष ही हुए हैं । लेकिन इस बीच में उसने काफी तरक्की की है । हमारे देश में जो इतनी तरक्की नहीं हुई उसका एक ही कारण मेरी समझ में आता है और वह यह है कि यहां लोग सिर्फ नुक्ताचीनी करना जानते हैं । यह ठीक है कि चीन में जोर जबरदस्ती से काम लिया जाता है इसलिए वहां इतनी तरक्की हुई है । लेकिन हमारे यहां यह हाल है कि लोग काम पीछे करेंगे लेकिन नुक्ताचीनी पहले करेंगे और इसीलिए हमारा कोई काम पूरा नहीं होता और हम दूसरे देशों के मोहताज हो रहे हैं ।

[सेठ अचल सिंह]

हमारा देश भारतवर्ष है । यहां पर एक सेंट्रल गवर्नमेंट है और मुख्तलिफ राज्य सेंट्रल गवर्नमेंट के मातहत हैं । लेकिन फिर भी यह दुःख के साथ कहना पड़ता है कि इस देश के एक हिस्से के निवासी को तो चावल ३२ रुपए मन मिलता है और दूसरे हिस्से वाले निवासी को चालीस रुपए मन मिलता है, इस देश में एक भाग में गेहूं ३२ रुपये मन मिलता है और दूसरे भाग में १६ और १८ रुपए मन मिलता है । यह ठीक है कि हमारा बहुत बड़ा मुल्क है और यह कभी नहीं हो सकता कि हर साल सब जगह सुकाल हो और फसल अच्छी हो । कहीं बाढ़ आती है, कहीं सूखा पड़ती है, कहीं अति वर्षा होती है और इस प्रकार की तमाम चीजें होती हैं । जिस स्टेट में फसल खराब हो जाती है और जहां महंगाई होती है वहां के लिए जो स्टेट सरप्लस है वहां से गल्ला भेजा जाता है और वहां का काम चलता है । इस तरह से काम चलता है लेकिन दोनों स्थानों के भावों में बहुत बड़ा अन्तर नहीं होना चाहिए । लेकिन हमारे यहां फूड जोन बनाए गए हैं । उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने का मुझे अवसर मिला था । प्रदेश कांग्रेस के प्रेसीडेंट की हैसियत से मैंने वैस्ट बंगाल, राजस्थान, बम्बई, मैसूर आदि राज्यों का दौरा किया था और मैं २०–२५ शहरों में लोगों से मिला । मुझे मालूम हुआ कि विभिन्न राज्यों में अनाज के भावों में बड़ी असमता है । कहीं गेहूं १६ रुपये मन है तो दूसरी जगह ३२ रुपये मन है । इसी तरह से मैं ने चीनी के बारे में देखा । हमारे देश में काम लायक काफी चीनी पैदा होती है लेकिन फिर भी कहीं ४० रुपए मन, कहीं ५० रुपये मन और कहीं-कहीं ७० से और ८० रुपये मन तक चीनी बिकती है । इसका यही मतलब है कि कोई ऐसी कमी है या हमारी मशीनरी में कोई ऐसी खराबी है कि जिस से हम चीजों के भावों पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं । आज से चन्द साल पेश्तर स्वर्गीय श्री रफ़ी अहमद किदवई ने जब कंट्रोल हटा कर इस का इन्तजाम किया था तो वाकई देश में एक शांति आ गई थी और लोगों को बहुत राहत मिली थी और उनको ठीक कीमत पर गल्ला मिलने लगा था । आज हम देखते हैं कि दिन-प्रति दिन गल्ले की कीमतें बढ़ रही हैं । जहां पहले गेहूं १८, २० रुपये मन बिकता था, वहां अब २५ रुपए मन बिकता है । जहां पहले २५ रुपये मन बिकता था, वहां अब ३५ रुपये मन बिकता रहा है और जहां पहले ३५ रुपये मन बिकता था, वहां अब ४० रुपए मन बिक रहा है । इस तरफ़ तवज्जह देने की आवश्यकता है । यह ठीक है कि हम लोग "ग्रो मोर फुड" कैम्पेन और कम्यूनिटी प्राजेक्ट के द्वारा इस समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं और तरह-तरह के विकास-कार्य किए गए हैं—डैम्ज, पावर हाउसिज़ और ट्यूब-वैल्ज़ बन रहे हैं, लेकिन इन सब के बावजूद हम गल्ले की कमी को पूरा नहीं कर सके हैं । हमारे खाद्य मंत्री जी ने यह विश्वास दिलाया है कि वह दूसरी या तीसरी पंचवर्षीय योजना तक इस काम को पूरा कर देंगे, लेकिन मुझे इस में शक है, क्योंकि जिस तरीके से इस वक्त काम हो रहा है, उस से यह समस्या हल होना मुश्किल है । अच्छी खाद, अच्छे बीज और पानी और कम्यूनिटी प्राजेक्ट्स इत्यादि के लिए प्रापेगेडा होता है, लेकिन फ़ार्मज़ को कोई राहत नहीं मिलती है । न उन में कोई जोश है और न उत्साह है । इसलिए हम को अपनी पालिसी में परिवर्तन करना पड़ेगा, ताकि हम ज्यादा से ज्यादा इस दिशा में आगे जा सकें और अनाज की अपनी जरूरत को अपने देश में ही पूरा कर सकें और इस समय जो लाखों करोड़ों रुपया गल्ले के लिए विदेशों में जाता है, वह बचाया जा सके ।

राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में बताया है कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के सम्बन्ध अच्छे हो रहे हैं । फ़रन्टियर के सम्बन्ध में जो समझौता हुआ है, मैं उसका स्वागत करता

हूं और मुझे आशा है कि जो दुर्भावना पिछले दस बारह सालों से दोनों देशों में चल रही थी, वह कम होती जायेगी, और एक समय आयेगा, जब कि दोनों देश अच्छे पड़ोसी बन कर रहेंगे । मुझे विश्वास है कि जो पालिसी पाकिस्तान के लोग काम में ला रहे हैं, वह उचित है और उस से दोनों देशों का फ़ायदा हो सकता है ।

राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में भारतीय उद्योग की प्रगति का भी उल्लेख किया है । इस में कोई शक़ नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में बहुत तरक्की की गई है और पिछले दो तीन सालों में तीन बड़े कारखाने खोले गए हैं, जहां लाखों टन लोहा और धातु तैयार होगा और पक्का लोहा तैयार होगा । इसी तरीक़े से सिंदरी, चितरंजन में कारखाने खोले गए, पैराम्बुर में एक कारखाना खोला गया, जहां रेलवे की बोगीज बनती हैं । मैंने बंगलोर में तीन कारखाने देखे, टेलीफ़ोन का कारखाना, और टूल्स का कारखाना और एयर-क्राफ्ट का कारखाना । उनको देख कर मुझे बहुत खुशी हुई । वहां काफ़ी लोग काम करते हैं और हमारा देश इस तरफ़ काफ़ी तरक्की कर रहा है । यह बड़े संतोष की बात है कि हमारा देश छोटी और बड़ी इंडस्ट्रीज दोनों में प्रगति कर रहा है ।

लेकिन जब हम स्टेट्स की ओर देखते हैं, तो बड़ा दुख होता है । ज्यादातर स्टेट्स में बहुत बदअमनी हो रही है । हर जगह जुआ, चोरी, सट्टा, नाजायज शराब बेचना, मर्डर्ज, पिक-पाकेटिंग वगैरह इस किस्म के जरायम बहुत चल रहे हैं । लोगों में इस वजह से बड़ी बेचैनी है । मैं ने इस सम्बन्ध में अधिकारियों का भी ध्यान खींचा था । करप्शन के बारे में भी जिक्र आया था और आल इंडिया कांग्रेस कमेटी में भी इस बारे में प्रस्ताव पास किया गया था । यह तथ्य है कि जब तक हमारी स्टेट्स की हालत ठीक नहीं होगी, केन्द्र का काम ठीक नहीं चल सकता है और स्टेट्स का काम तभी ठीक तरीके से चलेगा, अगर केन्द्र की हालत ठीक होगी । यह ठीक है कि केन्द्र में बड़े काम किए गये हैं और बड़ी-बड़ी योजनायें चलाई जा रही हैं, जो कि कामयाब भी हुई हैं, लेकिन लोगों की निगाह स्टेट्स की बुराइयों की तरफ़ जाती है, क्योंकि लोगों का वास्ता रोज़ स्टेट्स से पड़ता है । इस लिए यह जरूरी है कि वहां की हालत सुधारी जाये और वहां की बुराइयों को दूर किया जाये ।

राष्ट्रपति जी ने पंचायती राज्य पर भी कुछ प्रकाश डाला है । भारतवर्ष में जैसा प्रजातंत्र है, उस में इस बात की कोशिश की जाती है कि प्रजातंत्र देश के सब ग्रामों तक फैले । राजस्थान और आंध्र में यह योजना लागू की गई है और गांवों और कस्बों को अपना प्रबन्ध करने का पूरा अधिकार दे दिया गया है । डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट वहां के लोगों की राय सुनते हैं और उसके अनुसार काम करते हैं । आशा है कि उत्तर प्रदेश और देश के तमाम राज्यों में भी इस प्रकार के अधिकार दे दिए जायेंगे, जिस से लोग यह महसूस करें कि हम को स्वराज्य मिला है । जब तक लोगों में चेतना और जागृति नहीं आयेगी कि देश हमारा है और उस का काम हम को चलाना है, तब तक प्रजातंत्र में हम कामयाब नहीं हो सकते हैं ।

केरल के संबंध में इस हाउस में जिक्र किया गया है .....

अध्यक्ष महोदय : अब माननीय सदस्य को खत्म करना चाहिये ।

सेठ अचल सिंह : दो मिनट में खत्म करता हूं ।

केरल में बदअमनी हो रही थी और एक पार्टी-रूल हो रहा था, इस लिये राष्ट्रपति जी ने ३१ जुलाई को अपनी घोषणा के अनुसार उस को खत्म किया और यह वायदा किया कि छः महीने में वहां पर चुनाव कराये जायेंगे । और वाकई इतनी मुस्तैदी और तेजी से काम

[सेठ अचल सिंह]

किया गया कि लिस्टें वगैरह बना कर और वहां की हालत ठीक कर के वहां पर फरवरी में चुनाव कराये गये । उस के नतीजे से यह पता चलता है कि कम्युनिस्ट पार्टी की क्या विचार-धारा है और वह क्या करते हैं और जनता क्या चाहती है । यह शुभ मौका है कि केरल में हमारी कामयाबी हुई और जनता को इस बात का पता लग गया कि कम्युनिस्टों का रवैया और बर्तावा क्या है और कांग्रेस का क्या है ।

राष्ट्रपति जी ने कुछ इस बात पर प्रकाश डाला है कि हमारी पार्लियामेंट में बहुत से बिल पास किये गये । मैं इस ख्याल का हूं और बहुत से विद्वान भी इस ख्याल के हैं कि जो देश मजबूत होते हैं, अच्छे होते हैं, उन में ज्यादा कानून नहीं बनने चाहिये । कुछ कमजोरियां होती हैं, जिन का उपाय करने के लिये कानून बनाने पड़ते हैं । अंग्रेज काफी कानून बना कर यहां पर छोड़ गये हैं । वही हर एक बात को कवर कर सकते हैं । फिर नये कानून क्यों बनाये जाते हैं ? कानून बनते हैं और किताबों में रह जाते हैं, लेकिन उन पर आचरण—अमल—नहीं होता है । मैं चाहता हूं कि कम से कम कानून बनाये जायें और जो जरूरी हों, वही बनाये जायें और ज्यादा कानून नहीं बनाये जायें ।

अध्यक्ष महोदय : अब माननीय सदस्य को अपना भाषण समाप्त करना चाहिये । श्री प्रकाश वीर शास्त्री ।

श्री प्रकाश वीर शास्त्री (गुड़गांव) : अध्यक्ष महोदय, अभी कुछ दिन पूर्व भारत देश में रूस के प्रधान मंत्री श्री निकिता ख्रुश्चेव आये थे । उन्होंने भारत में कई स्थानों पर भाषण दिये । दिल्ली की एक सार्वजनिक सभा में भी उन का भाषण हुआ । चार वर्ष पूर्व जब वह यहां आये थे, उस समय और इस समय की परिस्थितियों में बहुत कुछ अन्तर हमारे देश वासियों में पाया । श्री ख्रुश्चेव ने रामलीला मैदान में पुराने ढंग से अपने एक नारे को दोहराया—"हिन्दी रूसी भाई भाई" । मुझे अच्छी तरह से स्मरण है कि पिछली बार जब उन्होंने इस नारे को दिल्ली की सार्वजनिक सभा में उच्चारण किया था, तो एक बार उनके मुंह से यह नारा निकलता था और दिल्ली के नागरिक दो बार उस का उत्तर देते थे । परन्तु इस बार मैंने रामलीला मैदान में यह देखा कि उन्होंने दो बार इस नारे को दोहराया, लेकिन दिल्ली की जनता ने एक बार भी उस नारे का उत्तर नहीं दिया । इसका कारण यह नहीं था कि हम उस माननीय अतिथि का स्वागत नहीं करना चाहते थे, अपितु एक कारण यह था कि भारत की जनता ने अपनी वाणी से एक बार "हिन्दी चीनी भाई भाई" का नारा लगाया था, परन्तु उस के पश्चात् जो परिणाम भारत की जनता को देखना पड़ा उस से उस का विश्वास हिल उठा, जिस का परिणाम यह हुआ कि रूसी प्रधान मंत्री के इस नारे के उत्तर में भारत की वाणी खुली नहीं और हम ने उस नारे का मौन रह कर अन्य प्रकार से उत्तर दिया ।

हमारे प्रधान मंत्री ने जब इस सदन में खड़े हो कर कुछ दिन पूर्व यह कहा था कि हम लड़ाई को निमंत्रण नहीं देते हैं, लेकिन देश की जनता को किसी भी संकट का सामना करने के लिये तैयार रहना चाहियें, तो देश में साहस और उत्साह का संचार हुआ । परन्तु कल परसों जब देश के कानों में यह समाचार पड़ा कि चीनी प्रधान मंत्री, श्री चाऊ-एन-लाई, को भारत आने का निमंत्रण दिया गया है, तब से देश-वासियों ने कुछ दूसरे रूप में भी सोचना शुरू कर दिया है । भारत के प्रधान मंत्री के साथ राजनैतिक दृष्टि से भले ही किसी की मत-भिन्नता हो, परन्तु जहां तक देश की अखंडता और उस की सुरक्षा का सम्बन्ध है, सारा देश प्रधान मंत्री की आवाज में आवाज मिला कर एक स्थान पर खड़ा होने के लिये

उद्यत है और आगे भी उद्यत रहेगा । परन्तु माननीय प्रधान मंत्री के इस आमंत्रण से लोगों के साहस में कुछ थोड़ी सी न्यूनता आने लगी है, विचार होने लगा है कि एक बार हमारे प्रधान मंत्री ने इसी प्रकार काश्मीर के सम्बन्ध में भी बड़ी दृढ़ भाषा का प्रयोग किया था, इसी तरह से हमारे प्रधान मंत्री ने एक बार गोआ के सम्बन्ध में भी बड़ी दृढ़ भाषा का प्रयोग किया था और अब तीसरी बार यह दृढ़ भाषा का प्रयोग करने के पश्चात् यह तीसरा कदम पीछे हटाया गया है और कहीं ऐसा न हो कि तीसरी बार भी हम उसी स्थान पर जा कर खड़े हों । अगर तीसरी बार भी इसी प्रकार की दुर्बलता का परिचय दिया गया तो मुझे विश्वास है कि हमारे देश-वासियों का साहस और उत्साह बहुत नीचे आ जायेगा और उसके अन्दर न्यूनता आ जायेगी ।

परन्तु इसके साथ साथ मैं अपने देश के अधिकारियों से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि अभी कल ही की बात है कि मुझे एक विवाह में दिल्ली में ही सम्मिलित होने का अवसर मिला था । वहां पर एक छोटा सा बालक इस गीत को गा रहा था "कहनी है एक बात मुझे इस देश के पहरेदारों से, सम्भल के रहना, सम्भल के रहना छिपे हुए गद्दारों से" । उसके इस वाक्य ने मुझे विवश किया कि मैं भारत के अधिकारियों तक इस वाक्य को पहुंचाऊं । मैं इस वाक्य को बड़े बलपूर्वक कह रहा हूं कि न केवल हम उन गद्दारों से सावधान रहें जिन्होंने कि उत्तर प्रदेश की असैम्बली में खड़े हो कर चीन और भारत के सीमा विवाद के सम्बन्ध में हमको गृह युद्ध की धमकी दी है, न केवल उन लोगों से सावधान रहें जिन्होंने कि पूना में खड़े हो कर यह कहा कि चीन ने भारत पर आक्रमण नहीं किया बल्कि भारत ने चीन पर आक्रमण किया है, मगर इससे भी एक पग आगे बढ़ कर मैं कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री अपने अगल बगल के बैठे हुए लोगों से भी थोड़ा सावधान हो कर चलें क्योंकि देश इस समय संक्रमणकाल से गुजर रहा है । अगर हम इन परिस्थितियों से सावधान न रहे तो बहुत संभव है कि आगे चल कर हमें किन्हीं दूसरी कठिनाइयों का भी सामना करना पड़े ।

दूसरी बात जिसको मैं आवश्यक रूप से कहना चाहता हूं यह है कि राज्य सभा में और लोक सभा में भी भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए उच्चाधिकार प्राप्त एक न्यायाधिकरण की स्थापना की चर्चा हुई है । इस चर्चा के समय बड़ी तीक्ष्ण भाषा में सरकारी पक्ष की ओर से यह कहा जाता है कि कोई इस प्रकार के उदाहरण प्रस्तुत कीजिये जिससे उसके ऊपर विचार किया जा सके । मेरा अपना अनुमान है कि सारे देश के उदाहरण को इसके साथ जोड़ कर परीक्षण का विषय न बनाया जाए, एक ही प्रान्त उसके लिए छांट लिया जाए और उसके लिए, अध्यक्ष महोदय, मैं अपने प्रान्त पंजाब का नाम सबसे पहले प्रस्तुत करता हूं । पंजाब के अन्दर इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है कि एक उच्चाधिकार प्राप्त न्यायाधिकरण की केवल आवश्यकता ही नहीं है अपितु सच्चाई यह है कि आज पंजाब के अन्दर राष्ट्रपति शासन स्थापित होना चाहिए और उसके पश्चात् पंजाब में फिर से निर्वाचन कराये जाने चाहियें । पंजाब का शासन इतना भ्रष्ट हो चुका है, पंजाब के शासन में इतनी दुर्बलतायें आ चुकी हैं कि उन व्यक्तिगत नामों को लेकर एक एक बात की यदि मैं चर्चा करूं तो संभव है कि आप मुझको उसकी अनुमति न दें लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब में जो आज मिनिस्टरों की कुर्सियों पर बैठे हुए हैं—और विशेष रूप से पंजाब के मुख्य मंत्री—उनकी

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

गतिविधियों से आज सारे पंजाब का शासन-तंत्र हिल उठा है। बदले की भावना से काम करने की वजह से पंजाब के मुख्य मंत्री की गतिविधियां इस समय बढ़ती ही जा रही हैं। जिन बातों का मैं जिक्र कर रहा हूं अगर आप मुझे अनुमति देंगे और सदन चाहेगा तो मैं उन बातों का प्रमाण भी उपस्थित कर दूंगा। एक एक गांव पंजाब में इस प्रकार का है कि जहां १४-१४ हत्यायें हो चुकी हैं लेकिन अभी तक थाने के अन्दर केसिस दर्ज भी नहीं हो सके हैं। अन्तर केवल यह है कि केरल की स्थिति को देख कर यह सदन हिला था लेकिन पंजाब की स्थिति का भी स्पष्टतया निरीक्षण यदि किया जायेगा तो उसको केरल से कहीं अधिक बुरी पाया जाएगा। पंजाब के अधिकारियों ने और मुख्य मंत्री ने इस समय पंजाब में ऐसी स्थिति पैदा कर रखी है कि जितने भी भ्रष्ट अधिकारी हैं, करप्ट अधिकारी हैं, उनको इस समय पद-वृद्धि दी है ताकि वे अपनी दुर्बलताओं के कारण शासन के जो प्रमुख लोग हैं, उनकी कमजोरियों को छिपा कर बराबर चलते रहें। उसका परिणाम यह है कि जो पंजाब के नेक उच्चाधिकारी हैं उनके अन्दर एक आत्महीनता की भावना उत्पन्न होती जा रही है। १२-१२ आदमियों की एक साथ बीच में उपेक्षा करके १३वें नम्बर के आदमी को ऊपर लाकर बिठाया जाता है। कारण केवल यह है कि अमुक मिनिस्टर के चुनाव के दिनों में वह उसका सहयोगी बन कर रहा था।

पंजाब और पाकिस्तान की सीमा पर जो तस्कर व्यापार चल रहा है उसके बारे में जो मैं कहने जा रहा हूं उसको सुनकर आपको, अध्यक्ष महोदय, आश्चर्य होगा। इस तस्कर व्यापार को संरक्षण देने में भी पंजाब के प्रमुख अधिकारियों का और उनके सम्बन्धियों का हाथ है। अभी हाल की घटना है जिसकी कल पंजाब की विधान परिषद् के अन्दर चर्चा हुई है कि रिवाड़ी के छः इसी प्रकार के तस्कर व्यापारी थे जिनके केस चल रहे थे कोर्ट में लेकिन पंजाब के एक मंत्री ने दबाव डाल कर उस केस को वापस कराने की कोशिश की। इसी तरह से कुलवन्त राय नाम का एक बहुत बड़ा व्यापारी था जो दस नम्बर का आदमी माना जाता है तस्कर व्यापार में जिसका हाथ है। पंजाब के इसी प्रकार के उच्चाधिकारियों ने उसके केस को कोर्ट से पीछे वापिस खिचवाया। इसी प्रकार की और भी घटनायें हैं कि पंजाब में डाकुओं को और तस्कर व्यापारियों को इस समय पंजाब के मिनिस्टरों की ओर से संरक्षण मिल रहा है। इस तरह की चीजें पंजाब के अन्दर जो शासन काम कर रहा है उसके द्वारा हो रही हैं। अपने परिवार वालों और उनसे सम्बन्धित लोगों के लिए इस समय क्या कुछ हो रहा है, जिसको कि मोटी भाषा में, या गांव की भाषा में भैया-भतीजावाद कहा जाता है, उस ओर भी मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। अपने घर वालों की जेबें भरने के लिए क्या कुछ हो रहा है, इसका भी उदाहरण मैं देना चाहता हूं। पंजाब के शासन ने यह निश्चय किया कि सौ एकड़ जमीन ले कर नाभा में एक एग्रिकल्चर फार्म खोला जाए। एग्री-कल्चर फार्म स्कीम के विकास के लिए यह चीज होनी थी। निश्चय तो यह होता है कि एक फार्म नाभा में बनना चाहिए लेकिन बनता है यह संगरूर के अन्दर क्योंकि वहां पर पंजाब के मुख्य मंत्री का एक सम्बन्धी है जिसका नाम रणजीत सिंह है जिससे सौ एकड़ फार्म एक लाख रुपये में गवर्नमेंट लेती है। गवर्नमेंट का निश्चय कुछ और था लेकिन उसके विपरीत संगरूर के अन्दर यह फार्म जाकर बनाया गया जिससे वह पट्टेदारी कानून से भी बच सके और साथ ही साथ उनको एक अच्छी खासी रकम दी जा सके। और भी पंजाब के कई मिनिस्टर इस प्रकार के हैं।

मैं जिस जिले का प्रतिनिधित्व इस सदन में कर रहा हूं उसके बगल की एक घटना का भी मैं जिक्र करना चाहता हूं । अभी २५ एकड़ जमीन को जो एक सरकारी अधिकारी की है, २५,००० रुपये के अन्दर बेचा गया और यह जो जमीन है इसमें पिछले साल केवल १८ मन बाजरा पैदा हुआ । २५,००० में इसको खरीदा गया है क्योंकि वह मिनिस्टर की जमीन है और उस जमीन के गड्ढों को भरने के लिए ही १४,००० रुपये लगाए गये । इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि पंजाब का शासनतंत्र कितना बिगड़ चुका है और किस प्रकार की स्थिति वहां है ।

पजाब में जितनी बड़ी बड़ी सड़कें हैं, शिमला से कालका तक, पठानकोट से श्रीनगर तक, पठानकोट से कुल्लू तक, जितने भी प्रमुख बसों की यात्रा के स्थान है, जहां पर कि १०–१० और १५–१५ मिनट में बस चलती हैं, उनके रूट परमिट पंजाब के मुख्य मंत्री ने अपने रिश्तेदारों को या इसी प्रकार अपने सम्बन्धियों को दिये हुए है । पंजाब की ऐसेम्बली के ११ एम० एल० ए० और छः स्त्री सदस्यायें इस प्रकार की हैं जिनको ट्रकों और बसों के परमिट मिलें हैं । आप अनुमान लगा सकते हैं कि पंजाब का शासन तंत्र सारे पंजाब से हट कर कुछ लोगों की जेबों में जाने की किस तरह से तैयारी कर रहा है । अध्यक्ष महोदय, अगर मेरे शब्द कुछ कड़े हों, तो आप मुझे क्षमा करें लेकिन पंजाब के राज की तुलना रावण के राज की तुलना से भी निकृष्टतम तुलना हो सकती है । रावण के राज में कम से कम यह स्थिति तो थी कि किसी ने जा कर रावण से कहा कि तू तो छद्मवेश धारण कर सकता है, राम का वेश धारण करके सीता के पास जा और उसको अपन अधिकार में कर । रावण ने उत्तर दिया कि मैं यह प्रयत्न करके भी हार गया, मुझे इसमें भी सफलता नहीं मिली । जब उससे पूछा गया कि सफलता क्यों नहीं मिली तो उसने उत्तर दिया :

जब जब राम रूप मैं धारी
परतिय दीखी आप महतारी ।

यानी जब जब मैं राम का रूप बना कर सीता के पास गया, दूसरों की स्त्री मुझे माता नजर आने लगी । लेकिन पंजाब में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि छः बजे के बाद किसी भले घर की पत्नी, बहू, बेटी बाजार में निकल नहीं सकती है । अमृतसर के सिनेमा काण्ड की चर्चा समाचार पत्रों में आपने पढी होगी । जालंधर के अन्दर एक इलक्ट्रिसिटी का क्लर्क था उसकी स्त्री के साथ जो अमृतसर में घटना हुई है उसका भी पंजाब के हर निवासी को पता है ।

अध्यक्ष महोदय : उसके बारे में केन्द्रीय सरकार क्या कर सकती है ?

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : मेरा कहना केवल यह है कि पंजाब के अन्दर कानून की और शासन की व्यवस्था इतनी छिन-भिन्न हो चुकी है कि इसके लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये और पंजाब में फिर से चुनाव कराये जायें । मैं आपके सामने अपने घर की स्थिति को रख रहा हूं । वहां पर पंजाब के मुख्य मंत्री की धर्मपत्नी पीछे पंजाब की सर्विस में ७० महीने रहीं और इस ७० महीने की सर्विस में ५० महीने वह छुट्टी पर रहीं और केवल २० महीने उन्होंने सर्विस की । लेकिन उस ५० महीने की तनख्वाह वह बराबर लेती रहीं । इस प्रकार की स्थिति इस समय पंजाब में है ।

पंजाब के अन्दर जितने भी बड़े बड़े आन्दोलन होते हैं, अध्यक्ष महोदय, आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि वहां पर जो लोग आन्दोलन करने वाले होते ....

Shri T. B. Vittal Rao (Khammam): Sir, the hon. Member says that there are murders at the rate of fourteen per village. That is what I understood he said. Whether there is

[Shri T. B. Vittal Rao]

Constitution or no Constitution, that is a state of affairs where something should be done.

Mr. Speaker: Very well. If the hon. Members are eager, they have got passes and let them go. If there is a volume of opinion, I do not know what the House will do.

Shri Narayanankutty Menon: It is too risky a game to go to Punjab, after reading the papers.

17 hrs.

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : अध्यक्ष महोदय, अपनी चर्चा को समाप्ति की ओर लजाते हुए दो तीन बातें मैं कहना चाहता हूं। एक तो यह है कि पंजाब में जितने भी बड़े बड़े आन्दोलन होते हैं, पंजाब जोकि सीमान्त प्रदेश है, उसकी व्यवस्था को और इसकी शान्ति को वे खतरे में डालते हैं। लेकिन पंजाब के मुख्य मंत्री की आदत है कि उसके पीछे वह अपने दो तीन आदमी रख लेते हैं ताकि जिस समय वह आन्दोलन पूरी तीव्रता के यौवन पर आये उस समय उस आन्दोलन की पीठ में छुरा घोंपे और पंजाब के मुख्य मंत्री को लौह पुरुष सिद्ध करने का वह प्रयत्न करते हैं। यह पंजाब के कुछ उदाहरण मैं आपके सामने रख रहा हूं लेकिन मैं फिर बलपूर्वक इस बात को दोहराता हूं कि अगर पंजाब की समस्या का समाधान करना है तो इसका एक ही तरीका है कि पंजाब क्योंकि सीमा का प्रान्त है, इस वास्ते राजस्थान को, पंजाब को और हिमाचल प्रदेश को, इन तीनों को मिला करके भारत की सुरक्षा की दृष्टि से एक विशाल प्रान्त बनाया जाए। मैं उन बातों से सहमत नहीं हूं जो कल परसों से इस सदन में कही गई हैं। महा दिल्ली के नाम पर या अपने हरियाना के नाम पर इस प्रकार की जो चीज़ चल रही है उसके बारे में मेरे मित्र श्री वाजपेयी जी ने कहा था कि कुछ राजनीतिक अखाड़-बाजियां चल रही हैं। मैं इससे भी अधिक स्पष्ट भाषा में कहना चाहता हूं कि जो पहले कई स्थानों में मिनिस्टर रह चुके हैं और आज नहीं हैं यह उन का एक प्रकार का विशेष नारा है जो पंजाब के विभाजन के बाद पंजाब को और छोटे छोटे भागों में बांटने का प्रयत्न करता है।

अपने भाषण को समाप्त करते हुए कुछ शब्द ..... *(Interruptions)* आप शांत रहिये। आप भी उन्हीं में से हैं। मैं अपने भाषण को समाप्त करते हुए आप से विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि एक बात के ऊपर हमें विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये। वह यह है कि हमारे राष्ट्र की जो अखंडता है, वह धीरे धीरे समाप्त होती चली जा रही है, टूटती ही चली जा रही है। एक समय इस प्रकार का था कि जब हमारे देश में अखिल भारतीय व्यक्तित्व थे। लेकिन आज हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे देश में प्रान्तीय स्तर के व्यक्तित्व ऊपर आ रहे हैं, जातीयता के आधार पर बने व्यक्तित्व ऊपर आ रहे हैं। अखिल भारतीय व्यक्तियों का अभाव होता चला जाता है। इस का परिणाम यह है कि हमारे देश की जनता आज इस प्रकार के नारे लगाती है कि :

> "हिन्दी चीनी भाई भाई, हिन्दी रूसी भाई भाई, हिन्दी मिश्री भाई भाई, हिन्दी ईरानी भाई भाई।"

लेकिन दुर्भाग्य है कि आज हमारे देश में मराठी और गुजराती भाई भाई नहीं हैं, बिहारी और बंगाली भाई भाई नहीं हैं। हमारे देश के अन्दर भिन्नता और खिन्नता पैदा होती चली जा रही है। इस लिये अत्यन्त आवश्यक है कि हम अपने देश में अखिल भारतीय व्यक्तित्वों का विकास करें। इस के लिये यदि व्यक्तित्व देश में न हों, तो शासन को, प्रशासन तंत्र को देश का अखिल भारतीय रूप सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिये।

मैं अन्त में एक बात कह कर समाप्त करता हूं और वह इस नाते से कि इस हाउस में और फिर राज्य सभा में भी संसदीय राज सभा समिति की रिपोर्ट पर विचार हो चुका है । कल मध्य प्रदेश के हमारे मित्र श्री खादीवाला ने भी इस ओर संकेत किया था, और हमारा विश्वास था कि हमारे राष्ट्रपति जी बजट अधिवेशन को जब आरम्भ करेंगे तो अपने भाषण में संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन पर, जिस पर दोनों सदनों में चर्चा हो चुकी है, कुछ संकेत देंगे । लेकिन राष्ट्रपति के भाषण में इस प्रकार का संकेत न पा कर हमें बहुत निराशा हुई । अब भारतीय संविधान को लागू हुए दस वर्ष समाप्त होने वाले हैं । हम ने सन् १९६५ तक हिन्दी को राजभाषा बनाने की स्थिति रक्खी है । मेरा निवेदन है कि अगर राष्ट्रपति के भाषण में इस प्रकार की चीज नहीं आई तो शीघ्र ही इस प्रकार की व्यवस्था की जानी चाहिये कि सन् १९६५ तक जो हम ने प्रतिज्ञा तिथि निर्धारित की है, उस समय में हम अपने लक्ष्य को पूरा कर सकें ।

इन शब्दों के साथ मैं अपने भाषण को समाप्त करता हूं ।

17.03 hrs.

*SUICIDE COMMITTED BY DR. JOSEPH OF IARI

Mr. Speaker: We will now take up the half-an-hour discussion. Shri Malhotra. The hon. Member may have ten minutes. The hon. Minister will have ten to fifteen minutes. With regard to the balance of five or ten minutes, if any hon. Member wants, he cannot make a speech but can only raise a point and put a question; I will allow one or two, whoever have given notice.

Shri Inder J. Malhtora (Jammu and Kashmir): In answer to Question No. 47 which was answered on the 10th February regarding the suicide committed by Dr. Joseph of the Indian Agricultural Research Institute, a statement was laid on the Table of the House. In that statement some portions from the reports of the enquiry conducted by the Deputy Secretary of the Ministry of Food and Agriculture were also included.

At the very beginning I want to submit that if we look to the letter of Dr. Joseph which he wrote on 2nd January, 1960 before he committed suicide, he had clearly stated that "the authorities at IARI and the Ministry are responsible for this tragedy". Now, when this was Dr. Joseph's feeling, the question is how an enquiry conducted by the Deputy Secretary of the same Ministry can have any meaning or can be an impartial enquiry.

Further, I understand that the same person who held this enquiry has long been connected with the IARI affairs and at some time he has been representing the Ministry in the UPSC interview boards where Dr. Joseph had been appearing as a candidate. Under these circumstances I really doubt very much whether the person who held this enquiry might not have had his own personal whims and prejudice against Dr. Joseph. Therefore, in his report he has tried to build up a theory of "average ability" of a Ph. D. graduate.

I would like to submit this, that a person of average ability and who had a Ph. D. degree from a foreign university certainly required some kind of good treatment, encouragement and good working conditions from our Government so that he would have been able to contribute something good.

Now, going a little further into this theory of average ability, I would like

*Half-an-hour discussion